फाल्गुन कृष्ण पक्ष - 12, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 221 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए


डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
14 फरवरी 2026 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30.4 अधिकतम
14.2 न्यूनतम



Page-7

# देर रात की प्रशासनिक सर्जरी से राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तय

सूबे के मुखिया मोहन यादव ने अपने मिजाज के मुताबिक प्रशासनिक अमले में फिर बदलाव की कैंची चलाई है। आम तौर पर उनके ऐसे फैसले चौंकाने वाले और



समाचार विश्लेषण
राजेश सिरोठिया

जड़ता को तोड़ने वाले होते हैं। लेकिन शुक्रवार देर रात हुई सर्जरी को लेकर प्रशासनिक हलकों में हलचल है। सम्भावना है की इसकी लहरें राजनीतिक गलियारों में भी उठेंगी। उनका सबसे बड़ा फैसला तो मात्र चार महीने के भीतर जनसंपर्क महकमें में किया गया बदलाव है। अपने गृहनगर उज्जैन के दीपक सक्सेना को वह जनसंपर्क जैसे अहम विभाग में आयुक्त बनाकर लाए थे। लेकिन इस पद पर वे सिर्फ चार महीने ही रह पाए। सक्सेना को नई आबकारी नीति लागू होने के दो महीने पहले आबकारी महकमे में आयुक्त बनाकर बड़ा दांव खेला गया है। मनीष सिंह सरीखे सख्त लेकिन मीडिया जगत की जमीनी समझ रखने वाले अफसर को जनसंपर्क विभाग में लाकर उन्होंने सबको जता दिया कि जनसंपर्क विभाग को लेकर भी उनकी प्राथमिकताएं साफ हैं। मनीष सिंह ने उज्जैन कलेक्टर से लेकर इंदौर के कमिश्नर और कलेक्टर रहते हुए काफी शोहरत कमाई थी। उनकी काबिलियत का लोहा मानते हुए ही शिवराज सिंह चौहान उन्हें अपने चौथे कार्यकाल में जनसंपर्क आयुक्त बनाकर लाए थे। मोहन यादव ने अब फिर से प्रोफेशनल स्किल वाले रिजल्ट ओरियेंटेड अफसर मनीष सिंह की छवि को भुनाने के लिए न सिर्फ जन संपर्क आयुक्त का दायित्व सौंपा है बल्कि उन्हें एमडी माध्यम के साथ ही परिवहन विभाग और उसके अधीन मप्र सड़क परिवहन, इंटरस्टेट ट्रांसपोर्ट अथारिटी, मप्र यात्री परिवहन जैसे नए और चुनौतीपूर्ण दायित्व भी सौंपे हैं।

### कुछ अच्छे तो कुछ चौंकाने वाले फैसले

राजभवन में अपर सचिव उमाशंकर भार्गव को कृषि संचालक बनाने का फैसला काफी अच्छा माना जा रहा है। रायसेन और विदिशा में बेहतर काम का उन्हें वो सिला नहीं मिला था जिसकी वो पात्रता रखते थे। लेकिन कृषि संचालक अजय गुपता को पूर्वी क्षेत्र बिजली कंपनी का एमडी बनाने का फैसला चौंकाता है। गौरतलब है कि मोहन यादव ने हाल ही में अच्छी छवि वाले अफसरों को ही ठीकठाक पोस्टिंग देने और दागदारों पर अंकुश लगाने की पैरवी की थी। संघमित्रा गौतम को सीईओ आलीराजपुर जिला पंचायत तथा कमल सोलंकी को सीईओ रायसेन बनाने का फैसला भी अच्छा माना जा सकता है। अभिजीत अग्रवाल के फैसले पर भी हैरत के साथ कुछ सवाल जरूर उठ रहे हैं।

### वर्णवाल ज्यादा ताकतवर बने तो संदीप यादव का दायरा क्यों सिमटा?

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और आयुक्त खाद्य सुरक्षा का पद सँभालने वाले प्रमुख सचिव संदीप यादव को वन विभाग सौंपा गया है। इसी के साथ उनके पास प्रवासी भारतीय मसले का काम भी रहेगा। यादव की उपमुख्यमंत्री से अनबन की खबरे लंबे समय से आ रही थीं। हालांकि यादव को वन के साथ पर्यावरण विभाग और एप्को महानिदेशक जैसे प्रभार नहीं दिए गए जबकि वह सीएम के करीबी माने जाते हैं। यह काम अभी वन विभाग के साथ एसीएस अशोक वर्णवाल ही देख रहे थे जो कृषि उत्पादन आयुक्त भी हैं। अब वर्णवाल इन तमाम दायित्वों के साथ स्वास्थ्य ,चिकित्सा सेवा और गैस त्रासदी, पयार्वरण एप्को, आयुक्त खाद्य सुरक्षा का काम भी संभालेंगे। वर्णवाल 2018 में शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में उनके प्रमुख सचिव थे। लेकिन निष्ठा के लिहाज से वह कमलनाथ के बेहद करीबी माने जाते रहे हैं। इसलिए कमलनाथ ने सीएम बनते ही उन्हें अपना प्रमुख सचिव बनाए रखा। लेकिन जैसे ही शिवराज चौथी बार सीएम बने उन्हें पहली फुरसत में वर्णवाल को सीएम सचिवालय से चलता कर दिया। चुनाव बाद वह न सिर्फ वन विभाग के एसीएस हो गए, बाद में उनको कृषि उत्पादन आयुक्त का काम भी सौंप दिया गया। साफ़ है की उन्हें कतिपय कारणों से भरी भरकम विभागों कि जिम्मेदारी से नवाजा गया है। सिया चैयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान के अधिकारों पर अतिक्रमण के आरोपों के चलते सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जब नवनीत कोठारी को सरकार ने पर्यावरण विभाग और एप्को महानिदेशक से हटाया तो यह प्रभार भी वर्णवाल के पास आ गया था। प्रशासनिक हल्कों में इस बात को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं कि जिस अफसर का कार्यकाल 11 महीने का बचा है, उसे लगातार अहम विभागों की कमान सौंपने के पीछे आखिर कौन है? किसकी पसंदगी के चलते उन्हें मौजूदा सरकार में इतनी अहमियत मिल रही है? सीएम यादव के कारण, मुख्य सचिव अनुराग जैन या फिर कमलनाथ से नजदीकी। या वे वाकई आउटस्टैंडिग अफसर हैं। सवाल उठने लगे हैं कि वे इसी साल अगस्त में जैन के रिटायर होने पर मुख्य सचिव तो नहीं बनने जा रहे हैं। जनवरी 2027 में रिटायर होने के बाद उन्हें भी साल भर का एक्सटेंशन मिलेगा ? प्रशासनिक गलियारों में यह सवाल उठना इसलिए भी लाजमी हैं, क्योंकि अनुराग जैन के रिटायर होने के पहले दिल्ली में उनको सूबे का प्रशासनिक मुखिया बनाने की कवायद दिल्ली तक हुई थी।

## न्यूज विंडो

### अमेरिका में भारतीय स्टूडेंट चार दिन से लापता

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पढ़ने गए 22 वर्षीय भारतीय छात्र के लापता होने की खबर सामने आई है। छात्र साकेत श्रीनिवासैया कर्नाटक का रहने वाला था और बर्कले विश्वविद्यालय से पोस्ट-ग्रेजुएट कर रहा था। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास ने छात्र के गायब होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। छात्र के गायब होने को लेकर चिंतित कॉन्सुलेट जनरल ने एक्सपर एक पोस्ट में लिखा, 'सैन फ्रांसिस्को में भारत का कॉन्सुलेट जनरल, कर्नाटक राज्य के रहने वाले बर्कले के एक भारतीय पोस्ट-ग्रेजुएट स्टूडेंट साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने को लेकर चिंतित है।



### एमबीए छात्रा की हत्या का आरोपी पीयूष गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में एमबीए छात्रा की हत्या करने के आरोपी पीयूष को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया है। द्वारकापुरी थाना पुलिस ने अंधेरी पुलिस की मदद से उसे पकड़ लिया। छात्रा तीन दिन से लापता थी। पीयूष ने छात्रा के साथ शारीरिक संबंध बनाए और इसका वीडियो कॉलेज के ग्रुप पर शेयर भी किया था। इसके बाद उसने अपने द्वारकापुरी स्थित किराए के मकान में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी।
पीयूष छात्रा के शव को निर्वस्त्र अवस्था में छोड़कर फरार हो गया था। प्रजापत नगर (द्वारकापुरी) निवासी 25 वर्षीय छात्रा सांवेर रोड स्थित निजी कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी।



### चुनी हुई सरकार को काम नहीं करने दे रहा हाईकोर्ट

**नईदिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में स्थानीय निकायों के चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने राज्य सरकार को राहत देते हुए चुनावों के लिए समय सीमा को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है। अब यह चुनाव 31 मई, 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही हाईकोर्ट की दखलअंदाजी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अदालत को चुनी हुई सरकारों को अपना काम करने देना चाहिए।



### आज का कार्टून




**चीन बॉर्डर पर दिखा दम...** असम में आपात हवाई पट्टी पर उतरे प्रधानमंत्री मोदी

# हाईवे स्ट्रिप पर वायुसेना ने दिखाई ताकत

**नई दिल्ली/डिब्रूगढ़, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मोरान बाईपास पर बनी 4.2 किलोमीटर लंबी हाईवे एयरस्ट्रिप का उद्घाटन किया। पीएम मोदी नई दिल्ली से चाबुआ एयरफोर्स बेस पहुंचे और वहीं से एयरस्ट्रिप पर उतरकर प्रदर्शन का जायजा लिया। यह एयरस्ट्रिप आपात स्थितियों में फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट और हेलीकॉप्टर के लिए वैकल्पिक रनवे का काम करेगी। इस दौरान डिब्रूगढ़ में मोरान बाईपास पर बनी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर भारतीय वायुसेना ने अपने जांबाज लड़ाकू विमानों का अद्भुत हवाई प्रदर्शन दिखाया।

यह ईएलएफ पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली सुविधा है, जो आपात परिस्थितियों में फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट और हेलीकॉप्टर के लिए वैकल्पिक रनवे का काम करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस हवाई प्रदर्शन का सीधे निरीक्षण किया। प्रदर्शन में वायुसेना के राफेल, सुखोई, डॉर्नियर और एएन-32 जैसे विमान शामिल थे।




### सटीक टेकऑफ और लैंडिग का प्रदर्शन

इस हवाई प्रदर्शन में भारतीय वायुसेना के पायलटों ने ईएलएफ पर सटीक टेकऑफ और लैंडिंग का प्रदर्शन किया। सबसे पहले सुखोई-30 एमकेआई ने उड़ान भरी, इसके बाद राफेल विमान ने टेकऑफ किया। वायुसेना का 'वर्कहॉर्स' AN-32 हेलीकॉप्टर, जो कार्गो और यात्रियों दोनों के परिवहन के लिए इस्तेमाल होता है, ने 'टच एंड गो' का प्रदर्शन किया। इसके बाद सुखोई और राफेल के तीन-तीन विमानों ने मोरान के आकाश में तेजी से उड़ान भरी। एक-एक सुखोई और राफेल ईएलएफ पर लैंड हुए, जबकि अन्य विमानों ने ओवरशूट प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ने विशेष हेली-बोर्न ऑपरेशन (एसएचबीओ) का प्रदर्शन किया, जिसमें कमांडो को एयरस्ट्रिप पर उतारा गया। वहीं, अन्य एएलएच हेलीकॉप्टरों ने राहत कार्य और मेडिकल इवैक्यूएशन की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया।

### इमरजेंसी अभियान में कारगर

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी 4.2 किलोमीटर लंबी यह हवाई पट्टी पूर्वोत्तर की पहली ऐसी सुविधा है, जहां से आपात स्थितियों में वायुसेना के लड़ाकू व परिवहन विमानों का संचालन किया जा सकेगा। मोरान बाईपास पर तैयार की गई यह सुविधा दूरदराज के क्षेत्रों में मानवीय सहायता व आपदा राहत अभियानों के दौरान भी अहम साबित होगी। यह पट्टी राफेल और सुखोई जैसे 40 टन वजनी लड़ाकू विमानों और 74 टन तक भारी मालवाहक विमानों का वजन सह सकती है। मोरान बाईपास पर स्थिति यह हवाई पट्टी रणनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह चीन सीमा के बहुत करीब हैं। यहां चाबुआ और तेजपुर जैसे मुख्य एयरबेस है, जहां तकनीकी समस्या होने पर इन पट्टियों से भी दुश्मन को जवाब दिया जा सकता है।

**5,450 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात:** पीएम मोदी गुवाहाटी के लचित घाट पर 5,450 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ भी कर रहे हैं। इसका उद्देश्य कनेक्टिविटी को गति देना, डिजिटल अवसंरचना मजबूत करना, उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना और सार्वजनिक परिवहन में सुधार करना है।

**बम की अफवाह**

### इंडिगो के विमान से उतारे गए यात्री



**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आज सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब शिलांग जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की खबर मिली। इंडिगो की फ्लाइट सुबह 9:15 बजे कोलकाता से शिलांग के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार थी। इसी दौरान विमान के टॉयलेट कंपार्टमेंट में क्रू मेंबर्स को एक संदिग्ध कागज मिला, जिस पर 'बम' होने की बात लिखी थी। सुरक्षाकर्मियों ने फ्लाइट की जांच शुरू की। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं। इस घटना को लेकर कोलकाता एयरपोर्ट डायरेक्टर ने कहा, 'कोलकाता से शिलांग जा रही इंडिगो 6-3074 में बम की अफवाह है, जिसे कोलकाता एयरपोर्ट से सुबह 9:15 बजे निकलना था। एयरक्राफ्ट को आइसोलेशन बे में ले जाया गया।

### सीएम पंधाना से लाड़ली बहनों को ट्रांसफर करेंगे 1800 करोड़

**खंडवा, एजेंसी**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खंडवा के पंधाना से लाड़ली बहनों को सिंगल क्लिक के जरिए राशि ट्रांसफर कर रहे हैं। इसके अलावा 255 करोड़ रूपए लागत के दो प्रोजेक्ट का भूमिपूजन व करीब 354 करोड़ रुपए लागत के 11 निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी होगा। 252 करोड़ लागत से निर्मित होने वाली खंडवा नगर निगम की सीवरेज परियोजना का भूमिपूजन भी किया जा रहा है। विकास कार्यों की कड़ी में पंधाना बस स्टैंड, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व रैन बसेरा के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जाना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 11.06 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हुए संयुक्त एसडीएम कार्यालय भवन पंधाना का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में 65-65 लाख रुपए लागत से निर्मित छैगांवदेवी व हरसवाड़ा के कुल 2 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों के भवनों का लोकार्पण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. लाड़ली बहना योजना के तहत फरवरी माह की 1800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की जा रही है।

### ट्रक-कार की भिड़ंत, तीन जवानों सहित चार की मौत

**धमतरी, एजेंसी**

खपरी बायपास के पास ट्रक और कार के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में बस्तर से लौट रहे कार सवार तीन सीआरपीएफ जवान और एक ड्राइवर सहित 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खपरी बायपास पर जगदलपुर बटालियन से आ रही एक डिजायर कार की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में मौके पर ही दो जवानों की मौत हो गई, जबकि दो घायलों ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ दिया। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही वरदान परमार्थ एम्बुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान, डुमन साहू और हेमंत प्रधान मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल मृतकों के नाम की पुष्टि नहीं हो पाई है।

### जनसंपर्क से दीपक की आनन- फानन विदाई, मनीष सिंह ने काम संभाला



**भोपाल।** देर रात हुए प्रशासनिक फेरबदल आदेश के बाद आबकारी आयुक्त बनाए गए दीपक सक्सेना जनसंपर्क विभाग से आज रिलीव हो गए। नवागत जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह ने काम संभाल लिया।

**मेट्रो एंकर** पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंता के बीच एक खबर यह भी...

# बांग्लादेश चुनाव में तीन हिंदू उम्मीदवारों ने भी लहराया परचम

**टाका. एजेंसी**

बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी (बीएनपी) गठबंधन ने जो प्रचंड जीत (299 में से 211 सीट) हासिल की है उनमें बीएनपी की टिकट पर 3 बांग्लादेशी हिंदुओं को भी सांसद बनने का मौका मिला है। वहीं, मुख्य प्रतिद्वंद्वी जमात-ए-इस्लामी के खाते में मात्र 68 सीटें हासिल हुई हैं। इनमें बांग्लादेश में जेनजी आंदोलन चलाने वाले छात्र संगठन की पार्टी भी शामिल है।

यह नतीजा ऐसे समय में आया है जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। बेहद संवेदनशील समय में हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले हिंदू उम्मीदवारों में गायेश्वरचंद्र रॉय, निताई रॉय चौधरी, दीपेन दीवान शामिल हैं।



**गायेश्वर चंद्र रॉय :** बांग्लादेश चुनाव में जीत हासिल करने वाले हिंदू उम्मीदवारों में सबसे प्रमुख नेता गायेश्वर चंद्र रॉय का है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता रॉय ने ढाका-3 निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की है। वे पार्टी की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य हैं और पूर्व में राज्य मंत्री रहे हैं। रॉय ने 99163 वोट हासिल करके जमात-ए-इस्लामी उम्मीदवार मोहम्मद शाहीनुर इस्लाम को मात दे दी। इस्लाम को 83264 वोट मिले हैं।

**निताई रॉय चौधरी :** बीएनपी नेता चौधरी ने मगुरा-2 संसदीय क्षेत्र से आसान जीत हासिल की है। उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के मुस्तर्शीद बिल्लाह को 30000 से ज्यादा वोटों से हराया है। निताई रॉय चौधरी को 147896 वोट मिले हैं, जमात उम्मीदवार बिल्लाह को 117018 वोट मिले हैं। चौधरी और गयेश्वर चंद्र रॉय के एक दूसरे के रिश्तेदार हैं। उनकी जीत से उन सीटों पर पार्टी का प्रदर्शन और मजबूत हुआ है, जहां अल्पसंख्यकों की अच्छी-खासी आबादी है।
**दीपेन दीवान:** बीएनपी के ही टिकट पर जीतने वाले तीसरे हिंदू उम्मीदवार एडवोकेट दीपेन दीवान है। उन्होंने रंगमती संसदीय सीट से जीत हासिल की है। दीवान को 31222 वोट मिले है। उनका मुकाबला इंडिपेंडेंट उम्मीदवार पहल चकमा से था, जिन्हें 21,544 वोट मिले। बीएनपी के टिकट पर एक गैर-हिंदू अल्पसंख्यक सचिन प्रू जेरी ने भी जीत हासिल की है। सचिन प्रू ने बंदरबन सीट से जीत हासिल कर संसद में अपनी जगह बनाई है। यह सीट बंदरबन हिल डिस्ट्रिक्ट में आती है, जो चटगांव डिवीजन में आता है। यहां आदिवासी समुदाय की आबादी बड़ी संख्या में है।




## वैलेंटाइन डे : ग्रीटिंग और गिफ्ट की सजी दुकानें

शहर में वैलेंटाइन डे को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है और ग्रीटिंग कार्ड व गिफ्ट की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। शहर के न्यू मार्केट, एमपी नगर और पुराने शहर के बाजार में सुबह से ही युवा अपने पसंदीदा गिफ्ट और स्टाइलिश ग्रीटिंग कार्ड खरीदते नजर आ रहे हैं। इस बार बाजार में 3डी ग्रीटिंग कार्ड, म्यूजिक प्ले करने वाले कार्ड, पर्सनलाइज्ड फोटो ग्रीटिंग और हाथ से बने क्राफ्ट कार्ड खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि पारंपरिक लाल दिल वाले कार्ड के साथ-साथ अब



कस्टमाइज्ड मैसेज वाले कार्ड की मांग तेजी से बढ़ी है। कई युवा अपने पार्टनर के नाम और फोटो के साथ खास संदेश छपवाकर ग्रीटिंग तैयार करवा रहे हैं।

**गिफ्ट आइटम्स में भी वैरायटी:** टेडी बियर, चॉकलेट बास्केट, कपल मग, की-चेन, फोटो फ्रेम, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और गिफ्ट हैंपर की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। खासकर लव थीम वाले गिफ्ट पैक युवाओं को खूब पसंद आ रहे हैं। कुछ दुकानों पर कंबो ऑफर भी दिए जा रहे हैं, जिससे ग्राहकों की संख्या और बढ़ गई है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार खरीदारी बेहतर हो रही है। वैलेंटाइन वीक के दौरान रोज डे, प्रपोज डे और चॉकलेट डे पर भी अच्छी बिक्री हुई है। कई दुकानों ने अपने स्टॉल को दिल के आकार की सजावट, लाल गुब्बारों और लाइटिंग से खास अंदाज में सजाया है।

**युवाओं में दिखा खास जोश:** कॉलेज स्टूडेंट्स और युवाओं में खास उत्साह नजर आ रहा है। युवा अपने रिश्तों को खास बनाने के लिए अनोखे और यादगार गिफ्ट की तलाश में बाजारों का रुख कर रहे हैं। कई जगहों पर सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए हैं, जहां युवा तस्वीरें खिंचवाते दिखाई दे रहे हैं। कुल मिलाकर भोपाल में वैलेंटाइन डे को लेकर बाजार पूरी तरह गुलजार हैं और शहर प्रेम के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

### मकान बचाएं या कब्रिस्तान मेट्रो प्रबंधन की बढ़ी मुश्किलें

# मेट्रो पर कब्रिस्तान का ब्रेक, वक्फ अधिकरण ने मांगा नया रूट प्लान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण ऑरेंज लाइन का काम एक बड़ी दुविधा में फंस गया है। अंडरग्राउंड कॉरिडोर के रैंप निर्माण को लेकर बड़ा बाग कब्रिस्तान और शाही औकाफ की जमीन पर विवाद गहराता जा रहा है। एक तरफ विधायक आतिफ अकील कब्रिस्तान को बचाने के लिए डिजाइन में बदलाव की मांग पर अड़े हैं, तो दूसरी तरफ मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि वैकल्पिक मार्ग अपनाने पर दर्जनों नागरिकों के घर ढहाने पड़ेंगे।



### मेट्रो के वर्तमान रूट प्लान पर सख्त आपत्ति जताई

बुधवार को इस विवाद ने तब नया मोड़ ले लिया, जब वक्फ अधिकरण के सदस्य हसन जैदी की अगुवाई में एक दल ने शाही और बड़ा बाग कब्रिस्तान का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद विधायक आतिफ अकील और शाही औकाफ के प्रतिनिधियों ने मेट्रो के वर्तमान रूट प्लान पर सख्त आपत्ति जताई। उनका तर्क है कि प्रस्तावित रैंप से पुरानी कब्रें प्रभावित होंगी। इसके जवाब में अधिकरण ने मेट्रो कंपनी को 15 फरवरी तक नया और वैकल्पिक प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मेट्रो प्रबंधन के लिए यह स्थिति एक तरफ कुआं, दूसरी तरफ खाई जैसी हो गई है। मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक यदि रैंप को सड़क के दूसरी तरफ शिफ्ट किया जाता है, तो करीब 35-36 निजी मकानों को तोड़ना होगा, जिसके लिए वहां के रहवासी बिल्कुल तैयार नहीं हैं। वहीं, विधायक का सुझाव है कि रूट ऐसा हो, जिससे किसी भी धार्मिक स्थल को नुकसान न पहुंचे।

### न्यायालय की अवमानना का मुद्दा भी गरमाया

इस खींचतान के बीच सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में यथा स्थिति के आदेश के बावजूद काम जारी रहने पर न्यायालय की अवमानना का मुद्दा भी गरमा गया है। फिलहाल, शहर काजी और जिला प्रशासन के बीच बैठकों का दौर जारी है, लेकिन समाधान की पटरी अभी तक नजर नहीं आ रही है।

### बेंगलुरू से आई टीबीएम मशीन

आरेंज लाइन के अंडरग्राउंड कॉरिडोर को बनाने के लिए मेट्रो प्रबंधन ने टीबीएम मशीन को बेंगलुरू से खरीदा है। एक मशीन की गोलाई 5.8 मीटर है। एक मशीन एक दिन में औसत 15 मीटर तक खोदाई करेगी। अंडरग्राउंड कॉरिडोर की खोदाई जमीन से औसत 19 से 20 मीटर, लगभग 65 फीट नीचे होगी। पुल पातारा से लेकर बड़ा बाग सिंधी कालोनी तक ट्विन टनल का काम एक साथ किया जाएगा। इस बीच दो मेट्रो स्टेशन रहेंगे। पहला भोपाल रेलवे स्टेशन और दूसरा नादरा बस स्टैंड। यहां वर्तमान में एसकेवेशन वर्क सरल भाषा में इसको अंडरग्राउंड सेक्शन का काम चल रहा है। यहां से टीबीएम टनल बनाने का काम शुरू करेगी।

### राजधानी के जैन मंदिरों में हुए आयोजन

## श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान मुनिसुव्रत नाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर के जैन मंदिरों में श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान मुनिसुव्रत नाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया गया। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि गोदरमऊ ईयर पोर्ट रोड स्थित जिनालय में विशाल प्रतिमा के अभिषेक के साथ निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। सिद्धार्थ लेक सिटी में स्वर्ण कलश से अभिषेक हुआ। नेहरू नगर में रत्नमई प्रभु मुनिसुव्रत नाथ की प्रतिमा पर जगत शांति की कामना के साथ शांति धारा की। शहर के नंदीश्वर जिनालय चौक मंगलवारा कस्तूरबा नगर टीटी नगर सहित सभी मंदिरों में अनुष्ठान हुए।

## प्रशिक्षित कार्यबल बिजली कंपनी की कुशल वितरण प्रणाली का आधार

### पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर का निरीक्षण कर प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने दिए आवश्यक निर्देश

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने गोविंदपुरा स्थित पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर द्वारा लाइन स्टाफ तथा अन्य श्रेणी के कार्मिकों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु संचालित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अत्याधुनिक संसाधनों का उपयोग किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाई स्किल्ड ट्रेनर के माध्यम से कंपनी के कार्मिकों के साथ ही नव नियुक्त प्रशिक्षु कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। प्रबंध संचालक ने वीडियो एनिमेशन के जरिये लाइनमेनों को प्रशिक्षित किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कार्यबल ही कंपनी की बेहतर छवि और कुशल वितरण प्रणाली का आधार है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न केवल बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (पीडीटीसी) अनिल कुमार खत्री सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग ने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों के लिए हॉस्टल में ठहरने की उचित व्यवस्थाओं के साथ ही खान-पान की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## 19 फरवरी से तीन दिन एडवांस्ड पंचकर्म थैरेप्यूटिक कार्यशाला

**भोपाल।** शहर में आयुर्वेद पद्धती को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एडवांस्ड पंचकर्म थैरेप्यूटिक कार्यशाला का आयोजन 19, 20 व 21 फरवरी को पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय व संस्थान में आयोजित होगी। आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए अनुभवी पंचकर्म विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे और चयनित रोगियों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचकर्म की आधुनिक और उन्नत चिकित्सा पद्धतियों की विस्तृत जानकारी देना, साथ ही प्रशिक्षण के माध्यम से रोगियों को वास्तविक लाभ पहुंचाना है। कार्यशाला में आयुर्वेदिक चिकित्सा की वैज्ञानिक उपयोगिता को व्यवहारिक स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा।

### नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 प्रस्तुत किए गए

## एसआईआर...10 हजार आपत्तियां खारिज अब नहीं कटेंगे नाम, 21 को नई वोटर लिस्ट

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान दर्ज कराई गई करीब 10 हजार आपत्तियों को जांच में गलत पाया गया है। इसके बाद इन्हें खारिज कर दिया गया है। इन आपत्तियों के आधार पर मतदाता सूची से नाम काटने की प्रक्रिया रोक दी गई है।

रिकॉर्ड के मुताबिक, एक-एक आवेदन के साथ 30 से 150 तक नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 प्रस्तुत किए गए थे। बीएलओ स्तर पर जब भौतिक सत्यापन और दस्तावेजों की जांच की गई तो अधिकतर आपत्तियां तथ्यहीन निकलीं। इसके बाद संबंधित नामों को सूची से नहीं हटाने का निर्णय लिया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने भी



कलेक्टर से मुलाकात कर आपत्तियों के आधार पर नाम न काटने की मांग रखी थी। 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी।

### 52 हजार नए नाम जोड़े

नरेला और द.पश्चिम में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अन्य क्षेत्रों में 99त्न से अधिक कार्य हो चुका है। ड्राफ्ट रोल 23 दिसंबर को जारी किया गया था। इसके बाद दावे-आपत्तियों के साथ नए नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया चली। जिले में अब तक करीब 52 हजार नए नाम जोड़े जा चुके हैं। करीब 30 हजार आवेदनों की जांच जारी है। 1656 मामलों में सुनवाई शेष है।

## डिवाइडर पर चढ़कर पलटी कार में लगी आग, चारों दोस्त बचे

**भोपाल।** शादी से बोलेरो कार से लौट रहे चार दोस्त कार पलटने से हादसे का शिकार हो गए। चारों को गंभीर चोटें आई हैं। कार पलटने से उसमें आग लग गई। हालांकि चारों कार से बाहर आ गए थे। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। चारों दोस्त करोंद में अपने दोस्त की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। पुलिस ने बताया कि रात डेढ़ बजे सभी शादी से वापस अपने घर भानपुर और डोबरा लौट रहे थे। देर होने पर उनके परिजन का उनके पास कॉल आया। इसी हड़बड़ाहट में उन्होंने गाड़ी को तेज रफ्तार में भगाया। मुबारकपुर के पास प्रिंस ढाबा और रंगला पंजाब ढाबे के बीच में उनकी कार डिवाइडर पर चढ़ गई। इससे कार दूसरी ओर जाकर पलट गई। बता दें कि कार पलटने से उसमें आग लग गई। गनीमत रही की सभी दोस्त कार से बाहर आ गए।

**मेट्रो एंकर**

### श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने केवल भोपाल व संतनगर से मुहैया कराई सुविधा

# भोपाल से उज्जैन मेले के लिए विशेष ट्रेन शुरू, लेकिन आरकेएमपी से एक भी नहीं

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मेला अवधि में उज्जैन जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त यात्रीभार को क्लीयर करने के उद्देश्य से संत हिरदाराम नगर से दो जोड़ी और भोपाल से एक जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का फैसला किया है, लेकिन इससे नए भोपाल में रहने वाले यात्रियों को आरकेएमपी स्टेशन से विशेष ट्रेनों का संचालन करने में तंगदिली दिखाई है।

स्पेशल ट्रेनें 12 कोच की होंगी और निर्धारित अवधि में प्रतिदिन चलेंगी। गाड़ी संख्या 09305 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर स्पेशल आज से 22 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर दोपहर 13.30



बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09306 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन स्पेशल प्रतिदिन 14.30 बजे रवाना होकर 19.30 बजे उज्जैन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर स्पेशल प्रतिदिन 16.00 बजे उज्जैन से चलकर 21.40 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी, जबकि गाड़ी संख्या 09314 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन स्पेशल 22.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 02.00 बजे उज्जैन पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 09307 उज्जैन-भोपाल स्पेशल आज से 22 फरवरी तक प्रतिदिन 21.00 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर अगले दिन 01.48 बजे संत हिरदाराम नगर होते हुए 02.10 बजे भोपाल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09308 भोपाल-उज्जैन स्पेशल 14 से 23 फरवरी तक प्रतिदिन 03.10 बजे भोपाल से रवाना होकर 03.35 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचते हुए 08.00 बजे उज्जैन पहुंचेगी। इन सभी स्पेशल ट्रेनों का ठहराव तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर तथा (जहां लागू हो) संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर रहेगा। साथ ही मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है।

### यात्रियों को बड़ी राहत, रीवा-मुंबई स्पेशल ट्रेन अब 27 जून तक चलेगी

रेलवे प्रशासन ने रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन जून 2026 तक विस्तारित कर दिया है। अब यह ट्रेन रीवा से प्रत्येक गुरुवार 26 जून 2026 तक व मुंबई से प्रत्येक शुक्रवार 27 जून 2026 तक चलेगी। गाड़ी संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल गुरुवार को दोपहर 15.50 बजे रीवा से रवाना होकर रात 23.20 बजे इटारसी पहुंचेगी और अगले दिन दोपहर 12.20 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02188 शुक्रवार को 13.30 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान कर अगले दिन 01.15 बजे इटारसी और सुबह 09.45 बजे रीवा पहुंचेगी। ट्रेन सतना, मैहर, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

## 4 लाख आबादी वाले कोलार में एक और नया थाना

### विधायक रामेश्वर शर्मा के प्रयासों से कोलार को मिली सौगात

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

तेजी से विकसित होते कोलार में एक अतिरिक्त थाना खोले जाने की नितांत आवश्यकता महसूस की जा रही थी । कोलार थाने की सीमाओ को विभक्त करते हुए है नये कजलीखेड़ा थाने की अधिसूचना जारी कर दी गई। कोलार को एसडीएम तहसील कार्यालय, विद्युत का डिवीज़न कार्यालय, लोक सेवा केंद्र के बाद आज नये कजलीखेड़ा थाने की सौगात मिली है । विधायक रामेश्वर शर्मा ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की मुखर्जी नगर कोलार जहाँ विकास की तेज रफ्तार, व्यापार और व्यवसाय के बढ़ते उपक्रमों एवं विस्तारित होती आबादी की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए कोलार में अतिरिक्त थाना कजलीखेड़ा खोला जाए इसके लिए लंबे समय से प्रयास किए थे निश्चित रूप से आज अधिसूचना जारी होने के बाद कोलार वासियों को नये थाने की सौगात मिली है। कानून व्यवस्था एवं नागरिक सुरक्षा हमारी प्रतिबद्धता है।



44 साल का हुआ भारत भवन, सीएम ने किया प्रसिद्ध बांसुरी वादक पं. चौरसिया का सम्मान, बोले-

# कला के माध्यम से संवेदनशील और सकारात्मक समाज का निर्माण संभव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत भवन सिर्फ एक भवन या मंच नहीं, यह जीवन की रचना है। इसका सुनहरा अतीत फिर से जीवंत हो रहा है। उन्होंने कहा कि कला समाज को हर तरह से जोड़ने का काम करती है। कला सामाजिक समरसता का सर्वकालिक और बड़ा माध्यम है। कला से दूरियां मिटती है, मन का बोझ हल्का होता है और समाज में आपसी सौहार्द भी बढ़ता है। कला के जरिए एक संवेदनशील और सकारात्मक समाज का निर्माण संभव है। भारत भवन कला, सृजन, साधना और संवाद का जीवंत केंद्र है। यह बरसों से कला, कलाकारों और रचनाधर्मियों की पितृ संस्था की तरह काम कर रहा है। इस प्रतिष्ठित बहुआयामी कला एवं संस्कृति केंद्र ने आज अपनी स्थापना के 44 साल पूरे कर लिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 44 साल तो तरूणाई है, भारत भवन की ख्याति अगले 440 साल तक भी ऐसी ही बनी रहे, हमारी यही कामना है।

## भारत भवन की भूमिका हमेशा ही सराहनीय

सीएम ने कला साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि कला और संस्कृति के संरक्षण में भारत भवन की भूमिका हमेशा ही सराहनीय रही है। बीते 44 सालों में भारत भवन ने जिस निरंतरता और प्रतिबद्धता के साथ कलाकारों को मंच दिया है, वह इसे देश के विशिष्ट सांस्कृतिक संस्थानों की श्रेणी में स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि भारत भवन ने स्थापित कलाकारों को सम्मान देते हुए नई और उभरती कला प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराया है। भारत भवन की गतिविधियों ने लोक परम्पराओं को आधुनिक संदर्भों से जोड़कर भारतीय संस्कृति की जड़ों को और भी मजबूत किया है।

### मुक्त और शिष्ट सांस्कृतिक प्रवाह का केंद्र

सीएम ने कहा कि भारत भवन सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के मुक्त और शिष्ट प्रवाह का पर्याय बन चुका है। भारत भवन में होने वाले कार्यक्रमों में विचारों की स्वतंत्रता, रचनात्मक प्रयोग और सौंदर्य बोध का संतुलित समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि सुर-ताल, लोक संगीत, शास्त्रीय संगीत, नाट्य मंचन तथा विभिन्न ललित एवं रूपंकर कलाओं के प्रदर्शन के लिए भारत भवन जैसा सुंदर, सुव्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त मंच विरले ही उपलब्ध होता है। सीएम ने कहा कि भारत भवन ने भोपाल को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक पटल पर विशिष्ट स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भोपाल के आदमपुर कचरा खंती केस में सीएस भी प्रतिवादी

# निगम पर लग चुका 1.80 करोड़ का जुर्माना सुप्रीम कोर्ट में 19 फरवरी को होगी सुनवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल की आदमपुर कचरा खंती में आग लगने के केस में अब मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन भी प्रतिवादी होंगे। इनके साथ 6 नए प्रतिवादी भी शामिल किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। यह मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से जुड़ा है। पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी. पांडे ने आदमपुर खंती में आग लगने की घटनाओं को लेकर एनजीटी में मार्च 2023 में याचिका दाखिल की थी। इस पर 31 जुलाई-23 को नगर निगम पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। एनजीटी के इस आदेश के खिलाफ निगम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिस पर 16 मई-25 को सुनवाई हुई थी। इसमें निगम की ओर से जुर्माने की राशि माफ किए जाने की मांग रखी गई थी।

### इन्हें बनाया गया प्रतिवादी

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि 2026 के नए नियम लाना एक स्वागत योग्य कदम जरूर है। लेकिन जिम्मेदार संस्थाओं को इसे लागू करने से पहले प्रारंभिक कार्य पूरे करना जरूरी है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु, पंचायती राज, आवास एवं शहरी विकास के सचिव, एमपी के मुख्य सचिव समेत 6 जिम्मेदारों को प्रतिवादी के रूप में शामिल करने के आदेश दिए।

## 31 मई तक नियमों के सरलीकरण के प्रस्ताव प्रस्तुत करें: सीएस

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विकसित भारत 2047 और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के दृष्टिगत मध्यप्रदेश में व्यवसाय और उद्योगों सहित जनमानस से जुडे 28 प्राथमिक क्षेत्रों के नियम-कायदों को सरलीकरण करने के लिए संबंधित विभागों से 31 मई तक अनुशंसाएं और आवश्यक परिवर्तन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है। मुख्य सचिव जैन और वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की सचिव एवं ईज ऑफ डूईगं बिजनेस टास्क फोर्स की चेयरपर्सन श्रीमती नीलम शमी राव की उपस्थिति में शुक्रवार को मंत्रालय में टास्क फोर्स की बैठक हुई। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और अन्य तरह के रिफार्म में अग्रणी है। सीएस कॉन्फ्रेंस में भी मध्यप्रदेश की बेस्ट प्रेक्टिस की तारीफ की गई।

राज्यसभा में भिड़े मप्र के दो पूर्व सीएम

# दिग्गी के आरोप पर शिवराज बोले अच्छा है आपने मेरे क्षेत्र की चिंता की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्यसभा में मध्य प्रदेश में मूंग की खरीदी और उसे क्लस्टर में शामिल न किए जाने के मुद्दे पर जमकर बहस हुई। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र नर्मदापुरम, सीहोर और हरदा का हवाला देते हुए पूछा कि यहां थर्ड क्रॉप के रूप में बड़े पैमाने पर मूंग उत्पादन हो रहा है, फिर भी इसे किसी श्रेणी/क्लस्टर में क्यों नहीं रखा गया और इस सीजन में कितनी खरीदी हुई।

दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य के अधिकारियों ने अधिक केमिकल पेस्टिसाइड उपयोग को वजह बताते हुए मूंग को अनहेल्दी बताया, जिसके कारण खरीदी देर से शुरू हुई। तब तक किसान फसल बेच चुके थे और इसका फायदा व्यापारियों ने उठा लिया। उन्होंने पूछा कि सरकार ने मूंग उत्पादक जिलों को क्लस्टर में क्यों नहीं जोड़ा। इस पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि पूर्व मुख्यमंत्री को उनके संसदीय क्षेत्र की चिंता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय दलहन उत्पादन कम था और एक ही फसल होती थी, जबकि वर्तमान सरकार की सिंचाई व्यवस्थाओं के कारण तीन-तीन फसलें संभव हुईं, जिनमें मूंग भी शामिल है। उन्होंने दावा किया कि मूंग की खेती बढ़ने से किसानों की आय में वृद्धि हुई है।



# दिव्यांगों के नाम पर भ्रष्टाचार शर्मनाक !

वैसे तो भ्रष्टाचार किसी भी तरह का हो, उसे शर्मनाक ही माना जाना चाहिए लेकिन ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिनके लिए शर्म कोई मायने नहीं रखती। उन्हें तो बस भ्रष्टाचार का मौका चाहिए ! अब दिव्यांग कल्याण संस्थाओं का ही उदाहरण लें तो पिछले एक साल में 363 संस्थाओं पर महाराष्ट्र दिव्यांग कल्याण विभाग ने कार्रवाई करते हुए उनका पंजीयन रद्द किया। यदि हम पिछले 13 वर्षों का आंकड़ा देखें तो कम से कम 900 संस्थाओं पर कार्रवाई की गई है। जाहिर सी बात है कि कहीं न कहीं कोई गड़बड़ी के पुख्ता सबूत रहे होंगे, तभी इस तरह की कार्रवाई की गई। विभाग ने कहा भी है कि जिन संस्थाओं का पंजीकरण रद्द किया गया है उन संस्थाओं ने लाभार्थियों की झूठी संख्या दिखाई और कानून के अनुसार दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाएं वास्तविक रूप से नहीं दी गई, केवल कागजों पर दिखाया गया। कर्मचारियों को नियमानुसार वेतन भी नहीं दिया गया, जबकि सरकार से वेतन अनुदान प्राप्त किया गया। इस तरह सरकारी सहायता का दुरुपयोग किया गया। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल वही संस्थाएं चलेंगी जो वास्तव में दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए कार्य कर रही हैं। इसे सरकार की अच्छी पहल के रूप में देखा जाना चाहिए लेकिन यह भी समझना होगा कि केवल पंजीकरण रद्द करने से समस्या का निदान होने वाला नहीं है। गड़बड़ी करने वाली संस्थाओं की गहराई से जांच की जानी चाहिए। जितनी राशि का घोटाला किया गया हो, वह राशि ब्याज सहित वसूलना चाहिए और गड़बड़ी करने वाले लोगों को जेल के सीखचों के पीछे पहुंचाना चाहिए। निश्चित रूप से बहुत सारी संस्थाएं दिव्यांगों के कल्याण के लिए बहुत अच्छा काम कर रही हैं और उनकी सराहना भी की जानी चाहिए लेकिन गड़बड़ी करने वालों को बिल्कुल ही नहीं बख्शा जाना चाहिए, चाहे वे भले ही कितने भी ज्यादा ताकतवर हों। यह अच्छी बात है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अख्तियार कर रखी है और दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव के पद पर तुकाराम मुंढे जैसे नियमपसंद अधिकारी को बिठा रखा है। मुंढे ने कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं के विरुद्ध अपात्रता की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसलिए यह उम्मीद की जानी चाहिए कि फर्जीवाड़ा करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे और कानून के अनुसार दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को मिल सकेगा।

वैलेंटाइन -डे पर विशेष

# दुनिया में प्यार के उत्सव के नाम पर मुनाफे का लगातार बड़ा होता कारोबार



हर्षवर्धन पांडे
पत्रकार

पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड का हो गया है। आज जहाँ इजहार और इकरार करने के तौर तरीके बदल गए हैं वहीं इंटरनेट के इस दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है। पहली बार शहरी चकाचौंध से इतर प्यार का यह उत्सव एक बड़ा बाजार को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। आज युवा भी इसकी गिरफ्त में पूरी तरह से नजर आते है तभी तो शहरों से लेकर कस्बो तक वैलेंटाइन का जलवा देखते ही बनता है। आलम यह है ये बड़ा उत्सव बन चुका है जो भारतीयों में तेजी से अपनी पकड़ बना रहा है।

वैलेंटाइन के चकाचौंध पर अगर दृष्टि डालें तो इस सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की माने तो यह वैलेंटाइन अथवा वलेंतिनस नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते है लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्म गुरू थे। उन दिनों वहाँ पर क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नही सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवको के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया। किन्दवंतियो की मानें तो संत वैलेंटाइन के क्लाउडियस के इस फेसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फासी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा वैलेंटाइन डे मनाते हैं। 1260 में संकलित की गई ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए। कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाईयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरमियान हो गई। यहाँ इस पर नई मान्यता यह है ईसाईयों के प्रेम का प्रतीक माने जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंनटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा फ्रॉम यूअर वेलेंनटाइन । आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था तुम्हारा वेलेंटाइन। 14 फरवरी के बहाने जिसे बाद में इस संत के नाम पूरे विश्व में निःस्वार्थ प्रेम से मनाया जाने लगा।

यही नहीं वैलेंटाइन के बारे में कुछ अन्य बातें भी है। इसके अनुसार तर्क यह दिए जाते है प्राचीन रोम के प्रसिद्ध पर्व ल्युपरकेलिया के ईसाईकरण की याद में मनाया जाता है। यह पर्व रोमन साम्राज्य के संस्थापक रोम्योलुयास और रीमस की याद में मनाया जाता है। इस आयोजन पर रोमन धर्मगुरु उस गुफा में एकत्रित होते थे जहाँ एक मादा भेडिये ने रोम्योलुयास और रीमस को पाला था इस भेडिये को ल्युपा कहते थे और इसी के नाम पर उस त्यौहार का नाम ल्युपर केलिया पड़ गया। इस अवसर पर वहां बड़ा आयोजन होता था। लोग अपने घरो की सफाई करते थे साथ ही अच्छी फसल की कामना के लिए बकरी की बलि देते थे। कहा जाता है प्राचीन समय में यह परम्परा खासी लोक प्रिय हो गई। एक अन्य किंदवंती यह कहती है 14 फरवरी को फ्रांस में चिडियों के प्रजनन की शुरुआत मानी जाती थी जिस कारण खुशी में यह त्यौहार वहा प्रेम पर्व के रूप में मनाया जाने लगा। प्रेम के तार रोम से भी सीधे जुड़े नजर आते हैं। वहाँ पर क्यूपिड को प्रेम की देवी के रूप में पूजा जाने लगा जबकि यूनान में इसको इरोश के नाम से जाना जाता था। प्राचीन वैलेंटाइन संदेश के बारे में भी लोगो में एकरूपता नजर नही आती। कुछ ने माना है कि यह इंग्लैंड के राजा ड्यूक ने लिखा जो आज भी वहां के म्यूजियम में रखा हुआ है।



आज युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी सर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलके बिछाये बैठे रहते हैं। भईया प्रेम का इजहार जो करना है ? वैलेन्टाइन प्रेमी इसको प्यार का इजहार करने का दिन बताते है। यूँ तो प्यार करना कोई गुनाह नही है लेकिन जब प्यार किया ही है तो इजहार करने मे देर नही होनी चाहिए लेकिन अभी का समय ऐसा है जहाँ युवक युवतिया प्यार की सही परिभाषा नही जान पाये हैं। वह इस बात को नहीं समझ पा रहे है प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बाँध सकते। वह तो प्यार को हंसी मजाक का खेल समझ रहे है। आज का प्यार मैगी के नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। सच्चे प्रेमी के लिए तो पूरा साल प्रेम का प्रतीक बना रहता है लेकिन आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा बदल दी है। इसका प्रभाव यह है 14 फरवरी को प्रेम दिवस का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं। जहां चीन में यह दिन नाइट्स ऑफ सेवेन्स प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को वाइट डे का नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं। आज 14 फरवरी का कितना महत्व बढ गया है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है इस अवसर पर बाजारों में खासी रौनक छा जाती है। गिफ्ट सेंटर में उमड़ने वाला सैलाब, चहल पहल इस बात को बताने के लिए काफी है यह किस प्रकार आम आदमी के दिलो में एक बड़े पर्व की भांति अपनी पहचान बनने में कामयाब हुआ है। इस अवसर पर प्रेमी होटलों , रेस्तारा में देखे जा सकते हैं।

आज के समय में वैलेंटाइन प्रेमियों की तादात बढ रही है। साल -दर -साल। इस बार भी प्रेम का सेंसेक्स पहले से ही कुलाचे मार रहा है। वैलेंटाइन ने एक बड़े उत्सव का रूप ले लिया है। मॉल , गिफ्ट, आर्चीस , डिस्को थेक का आज इससे चोली दामन का साथ बन गया है। अगर आप में यह सब कर सकने की सामर्थ्य नही है तो आपका प्रेमी नाराज। बस फिर प्रेम का द एंड समझे। प्यार का स्टाइल समय बदलने के साथ बदल रहा है। वैलेंटाइन प्रेमी भी हर साल बदलते ही जा रहे है। आज प्यार की परिभाषा बदल गई है। वैलेंटाइन का चस्का हमारे युवाओ में तो सर चढ़कर बोल रहा है लेकिन उनका प्रेम आज आत्मिक न होकर क्षणिक बन गया है। उनका प्यार पैसों में तोला जाने लगा है। आज की युवा पीढ़ी को न तो प्रेम की गहराई का अहसास है न ही वह सच्चे प्रेम को परिभाषित कर सकती है। उनके लिए प्यार मौज मस्ती और सैर - सपाटे का खेल बन गया है जहाँ बाजार में प्यार नीलाम हो गया है और पूरे विश्व में इस दिन प्यार के नाम पर मुनाफे का बड़ा कारोबार किया जा रहा है।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

(जयंती पर विशेष)

# भारतीय राजनीति की सशक्त और संवेदनशील आवाज़ थीं सुषमा स्वराज



सुरेन्द्र शर्मा
स्तंभकार

सुषमा स्वराज भारतीय राजनीति की उन विरल हस्तियों में से थीं जिन्होंने अपने व्यक्तित्व, वाक्पटुता, संवेदनशीलता और कार्यकुशलता से जनमानस में विशेष स्थान बनाया। वे केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्रोत, कुशल प्रशासक और करुणामयी नेता थीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता के रूप में उन्होंने लंबे समय तक देश की सेवा की और विशेष रूप से भारत की विदेश मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल ऐतिहासिक माना जाता है। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा का प्रतीक है।



सुषमा स्वराज का जन्म 14 फरवरी 1952 को हरियाणा के अंबाला कैंट में हुआ था। उनके पिता श्री हरदेव शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे, जिससे बचपन से ही उनके भीतर राष्ट्रसेवा की भावना विकसित हुई। उन्होंने अंबाला के सनातन धर्म कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की और इसके बाद पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से विधि (एल.एल.बी.) की डिग्री प्राप्त की। छात्र जीवन में वे एक उत्कृष्ट वक्ता और सक्रिय छात्रनेता रहीं। वे कई बार 'सर्वश्रेष्ठ वक्ता' का पुरस्कार जीत चुकी थीं, जिससे उनकी भाषण कला का अंदाजा लगाया जा सकता है।

सुषमा स्वराज ने बहुत कम आयु में राजनीति में प्रवेश किया। मात्र 25 वर्ष की उम्र में वे हरियाणा विधानसभा की सदस्य बनीं और 27 वर्ष की आयु में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री बन गईं। उस समय वे देश की सबसे कम उम्र की कैबिनेट मंत्री थीं। यह उनकी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और दृढ़ निश्चय का प्रमाण था। उन्होंने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाई और जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से भी जुड़ी रहीं। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद सुषमा स्वराज ने पार्टी के संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा की सदस्य रहीं। वर्ष 1998 में वे दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं, हालांकि उनका कार्यकाल अल्पकालिक रहा। इसके बाद उन्होंने केंद्र सरकार में सूचना और प्रसारण मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी संभाली। हर पद पर उन्होंने दक्षता और ईमानदारी से कार्य किया। सुषमा स्वराज की पहचान एक ओजस्वी वक्ता के रूप में भी रही। संसद में उनके भाषण तार्किक, प्रभावशाली और मर्यादित होते थे। वे विपक्ष में रहते हुए भी अपनी बात मजबूती से रखती थीं और सत्ता में रहते हुए भी लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करती थीं। वे हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में समान दक्षता से बोलती थीं। संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में दिया गया उनका भाषण विशेष रूप से सराहा गया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को मजबूती प्रदान की।

**नेता प्रतिपक्ष के रूप में सुषमा स्वराज:** भारतीय संसदीय लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह पद केवल सरकार की आलोचना करने तक सीमित नहीं होता, बल्कि सरकार को जवाबदेह बनाने, नीतियों की समीक्षा करने और जनता की आवाज़ को संसद में प्रभावी ढंग से उठाने का दायित्व भी निभाता है। सुषमा स्वराज ने वर्ष 2009 से 2014 तक 15वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्होंने अपनी वाक्पटुता, तर्कशक्ति, संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता से इस पद की गरिमा को नई ऊँचाई दी। नेता प्रतिपक्ष के रूप में सुषमा स्वराज की सबसे बड़ी पहचान उनकी प्रभावशाली और मर्यादित वक्तृत्व शैली थी। वे अपने भाषणों में तथ्यों, तर्कों और उदाहरणों का संतुलित उपयोग करती थीं। उनकी भाषा में तीखापन तो होता था, लेकिन वह कभी व्यक्तिगत कटाक्ष या असंसदीय शब्दों तक नहीं पहुँचता था। वे सरकार की नीतियों की कठोर आलोचना करती थीं, परंतु सदैव संसदीय मर्यादा का पालन करती थीं।

जब भी संसद में कोई महत्वपूर्ण विधेयक या मुद्दा चर्चा के लिए आता, सुषमा स्वराज विपक्ष की ओर से स्पष्ट और सुविचारित दृष्टिकोण प्रस्तुत करती थीं। उनकी बातों को गंभीरता से सुना जाता था, क्योंकि वे केवल विरोध के लिए विरोध नहीं करती थीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव भी देती थीं। भ्रष्टाचार के मुद्दों पर मुखर भूमिका 15वीं लोकसभा के दौरान केंद्र में तत्कालीन सरकार के विरुद्ध कई बड़े भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जैसे 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला आवंटन घोटाला (कोलगेट), कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला आदि। इन मुद्दों पर सुषमा स्वराज ने विपक्ष की ओर से सशक्त आवाज़ उठाई।

उन्होंने संसद में इन मामलों की निष्पक्ष जाँच और जवाबदेही की मांग की। कई बार संसद में गतिरोध की स्थिति बनी, लेकिन उनका तर्क था कि जब तक गंभीर आरोपों पर स्पष्टता नहीं आएगी, तब तक सरकार को जवाब देना होगा। उनके नेतृत्व में विपक्ष ने संयुक्त संसदीय समिति (JPC) की मांग उठाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे को राष्ट्रीय बहस का विषय बनाया।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**


सुविचार

जैसे शेर पीछे होकर छलांग लगाता है, वैसे ही कभी पीछे हटना आगे बढ़ने की तैयारी होती है।'
-अज्ञात

टूर एंड ट्रेवल

# आइजोल है देश की साइलेंट सिटी, दंग कर देगा यहाँ के लोगों का ट्रैफिक सेन्स

छुटियों पर जाने वाले लोग अक्सर शांत माहौल चाहते हैं। लेकिन शहरों में सड़क पर घंटों तक लगे जाम और हॉर्न से होने वाली आवाजों का शोर छुट्टियों का मजा किरकिरा कर देता है। खासतौर से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में ट्रेफिक का हाल बुरा है। अगर आप किसी शांत जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, तो आइजोल बेस्ट डेस्टिनेशन है।



यह मिजोरम की राजधानी है । यहां बड़े शहरों की तरह न तो खूब ट्रैफिक होता है और न ही लोगों में एक दूसरे को ओवरटेक करने की होड़। सड़क पर गाडियों का शोर भी कम ही सुनाई देता है। इस शहर में इतनी शांति है कि कोई भी यहां आकर अपने थके हुए दिमाग को रिलेक्स कर सकता है। आइए जानते हैं इस साइलेंट सिटी के बारे में। आइजोल भारत की एकमात्र साइलेंट सिटी है। इसका मतलब ये नहीं कि यहां कोई बोलता नहीं है, बल्कि इस शहर को अपने ट्रेफिक एटिकेट्स के कारण जाना जाता है। यहां की ट्रेफिक व्यवस्था यहां आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है। यहां तक की भीड़ भाड़ होने और घंटों तक जाम में फंसे होने के बाद भी लोग शिष्टाचार का पालन करते हैं।

**लैंड ऑफ हाइलैंडर्स:** आइजोल शहर बेहद खूबसूरत और प्रदूषण से मुक्त शहर है। यहां किसी भी जगह खड़े होकर आप घंटों तक आसपास की सुंदरता को निहार सकते हैं। यह शहर ऊंची ऊंची पहाड़ियों और घाटियों से घिरा है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 1132 मीटर है। शहर की खूबसूरत वादियों के कारण ही इसे लैंड ऑफ हाइलैंडर्स कहते हैं।

**5 जरूरी ट्रैफिक एटिकेट्स:** यहां लोग सड़कों पर अपने व्हीकल के साथ एक ही लेन में चलते हैं। एक दूसरे को ओवरटेक नहीं करते। यहां कोई हॉर्न नहीं बजाता। यहां पर बाई लेन में भी टू व्हीलर और फोर व्हीलर के लिए अलग-अलग लाइने हैं। दाई और बाई लेन को अलग करने के लिए कोई डिवाइडर नहीं बनाया गया है। सिर्फ एक सफेद रंग की पट्टी के साथ इन्हें अलग किया गया है।

मान लीजिए कोई जल्दी में है और सामने वाले व्हीकल को पार करना चाहता है, तो उसे सामने वाले व्हीकल को बताने के लिए हल्की सी बीप देनी होती है। अगर संभव है, तो व्हीकल उन्हें आगे जाने की इजाजत दे देता है।

निशाना

## नफ़रत से क्या हासिल हो..!



घनश्याम मैथिल 'अमृत'

सच है इश्क मोहब्बत प्यार,
सबसे करना मेरे यार,
नफरत से क्या हासिल हो,
होती बहुत बुरी तकरार,
नहीं देह और रूप में बसता,
पावन प्रेम गले का हार,
कभी प्रेम से विलग न होना
थाम रखो इसकी पतवार,
सदा प्रेम का जो रस पीते,
उनपर खुशियों की बौछार,
ढाई आख़र पढो प्रेम के,
इनमें निर्मल रस की धार,
प्रेम है करुणा प्रेम साधना,
सृष्टि का अनुपम उपहार,
इसमें रमकर तुम देखो तो,
सौ रोगों का यह उपचार,
प्रेम बरसता जिस हृदय में
यह अमृत प्रभु का उपकार।

यूजर्स गाइड

# स्मार्टफोन में कई साल से लगा सिम अपग्रेड करा लें, बेहतर होगी इंटरनेट स्पीड

**क्या** आप भी फोन में सालों पुराना सिम कार्ड इस्तेमाल कर रहे हैं? दरअसल कई बार लोग सालों-साल अपना सिम कार्ड अपग्रेड नहीं कराते और इसकी वजह से वह कई अच्छे फीचर्स का फायदा कभी नहीं उठा पाते। सिम कार्ड एक ऐसी चीज है, जो कि जल्दी खराब नहीं होती। ऐसे में लोग दशकों तक भी सिम कार्ड को बदलना जरूरी नहीं समझते। लेकिन कुछ सालों में सिम कार्ड को अपग्रेड न करके लोग अपना भारी नुकसान करवा लेते हैं।



इससे न सिर्फ आप लेटेस्ट फीचर्स का फायदा उठाने से चूक जाते हैं बल्कि यह आपकी सुरक्षा के लिहाज से भी ठीक नहीं है। चलिए डिटेल में जानते हैं कि अगर आप समय-समय पर सिम कार्ड को अपग्रेड करते रहें, तो इससे आपको क्या बड़ फायदे मिल सकते हैं। सिम कार्ड को समय-समय पर अपग्रेड कराने से आपको तेज इंटरनेट स्पीड मिलती रहती है। कई बार लोग सालों पुराना सिम इस्तेमाल करने के बावजूद अपने नेटवर्क प्रोवाइडर को स्लो इंटरनेट स्पीड के लिए कोसते रहते हैं। ऐसे मामलों में समस्या अक्सर पुराने सिम कार्ड की होती है, क्योंकि वह कंपनी द्वारा अपग्रेड की गई टेक्नोलॉजी को ठीक से सपोर्ट नहीं कर पाता।

अगर फोन पर बात करते हुए आपकी कॉल बार-बार ड्रॉप हो रही है, तो संभव है कि समस्या पुराने सिम कार्ड की हो। दरअसल टेलीकॉम कंपनियां समय-समय पर अपने नेटवर्क को अपग्रेड करती हैं और उसी के अनुसार नए सिम कार्ड भी तैयार करती हैं। ऐसे में पुराने सिम कार्ड कंपनी के अपग्रेडेड नेटवर्क को बार-बार मिस करने लगते हैं। इससे कॉल ड्रॉप की समस्या होती है। यही वजह है कि कॉलिंग की समस्या होने पर सिम कार्ड बदलवाकर अपग्रेड कर लेना चाहिए।

**हैकिंग और क्लोनिंग से सुरक्षा:** सिम कार्ड अपग्रेड करना अपनी सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। दरअसल पुराने सिम कार्ड्स को हैकिंग और क्लोनिंग के नजरिए से आसानी से नुकसान पहुंचाया जा सकता है। वहीं नए सिम कार्ड नए सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ आपको सुरक्षित रखते हैं। उन्हें स्वैप कर पाना आसान नहीं होता। अगर आपके फोन की बैटरी तेजी से खत्म हो जाती है और आपका फोन ज्यादा पुराना नहीं है, तो इसके लिए आपका पुराना सिम कार्ड जिम्मेदार हो सकता है। दरअसल पुराने सिमकार्ड को कई बार नेटवर्क से कनेक्ट होने में समस्या होती है। ऐसे में फोन नेटवर्क से कनेक्ट होने के लिए ज्यादा पावर खर्च करता है और फोन की बैटरी गिर जाती है। आप सिम को अपग्रेड करके इस तरह की समस्या से बच सकते हैं।

**ओवर हीटिंग से सुरक्षा:** पुराने सिम कार्ड की वजह से आपका फोन ओवरहीट भी होने लगता है। ऐसा फोन के ठीक से सिग्नल न पकड़ पाने की वजह से होता है, जब चिपसेट को नेटवर्क से कनेक्ट रहने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। अगर आपका फोन भी अचानक ज्यादा ओवरहीट होने लगा है, तो सिम कार्ड को अपग्रेड करवा लें।

अजब - गजब

# 200 साल बेडरुम में दफन रहा गुलामों के छिपने का राज़, अब म्यूजियम का हिस्सा बनेगा

**मैनहैटन** का एक पुराना घर इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। जहां लोग बेडरूम में आराम से सोते थे, वहीं नीचे एक छिपा हुआ तहखाना था, जहां गुलामों को छिपाकर उनकी जान बचाई जाती थी। ये खौफनाक नहीं बल्कि बहादुरी का राज है जो अंडरग्राउंड रेलरोड से जुड़ा था। मर्चेंट्स हाउस म्यूजियम, जो ईस्ट फोर्थ स्ट्रीट पर स्थित है, अब इतिहास की नई परत खोल रहा है। ये चार मंजिला ईंटों का घर 1832 में जोसेफ ने बनवाया था, जो एक ज्ञात एबोलिशनिस्ट (गुलामी विरोधी) थे। बाहर से ये घर आसपास के 19वीं सदी के भवनों में घुला-मिला लगता है। डार्क शटर्स और पुरानी दीवारें नजर आती थी। लेकिन दूसरी मंजिल के बेडरूम में वेस्ट वॉल पर बिल्ट-इन ड्रेसर है।



क्यूरेटर कैमिल जर्कोविच ने बताया, 'हम जानते थे कि कुछ है, लेकिन समझ नहीं पा रहे थे कि क्या?' हाल ही में संरक्षण विशेषज्ञों ने भारी बॉटम ड्रॉअर हटाया। नीचे फर्शबोर्ड्स में एक रफ कट का आयताकार छेद मिला। ये शाफ्ट सीढ़ी से ग्राउंड फ्लोर तक जाता है। ये जगह इतनी टाइट है कि मुश्किल से एक-दो लोग छिप सकते थे। विशेषज्ञों का कहना है कि ये डिजाइन जानबूझकर बनाई गई थी, स्लेव हंटर्स और सिटी मार्शल्स से बचने के लिए। उस समय भागे गुलामों की मदद करना कानूनी जोखिम भरा था, इसलिए सब कुछ 'कम्पलीटली इनविजिबल' रखा गया था। आर्किटेक्चरल हिस्टोरियन पैट्रिक सिकोन ने कहा, 'सफेद अमीर न्यू यॉर्कर्स में एबोलिशनिस्ट होना बहुत दुर्लभ था।'

1820-1840 के बीच एबोलिशनिस्ट मूवमेंट तेज था। उन्होंने इंटीग्रेटेड चर्चों के ब्लूप्रिंट्स भी डिजाइन किए, जिनमें ऐसे ही छिपने की जगहें थीं। पुरानी फोटोज और डॉक्यूमेंट्स से साबित हुआ कि ये शाफ्ट गुलामों को छिपाने के लिए ही था। कैंडल वैक्स के निशान भी मिले, जो बताते हैं कि यहां लोग छिपकर इंतजार करते थे। ये खोज मैनहैटन में 100 साल बाद पहली कन्फर्म्ड अंडरग्राउंड रेलरोड एंट्री है। अंडरग्राउंड रेलरोड कोई असली रेल नहीं, बल्कि गुप्त नेटवर्क था, जहां एबोलिशनिस्ट्स ने दक्षिण से भागे गुलामों को उत्तर की ओर, खासकर कनाडा तक सुरक्षित पहुंचाया जाता था। हजारों लोगों ने इस रास्ते आजादी पाई थी। न्यूयॉर्क सिटी में इसका रोल अक्सर नजरअंदाज किया जाता था, क्योंकि शहर में गुलामी कानूनी थी, लेकिन कई लोग चुपके से मदद करते थे। मर्चेंट्स हाउस 1965 में मैनहैटन का पहला लैंडमार्क बना। पहले ये ट्रेडवेल फैमिली का घर था, जो 1936 से म्यूजियम है। यहां 19वीं सदी की जिंदगी बरकरार है । फर्नीचर, कपड़े सब ओरिजिनल, लेकिन अब ये डिस्कवरी म्यूजियम की कहानी में शामिल होगी।

## न्यूज विंडो

### घने जंगलों के बीच पांडवकालीन सिद्देश्वर महादेव में उमड़े श्रद्धालु



**धार।** जिले की गंधवानी तहसील के ग्राम केलीकला के समीप, कुख्यात माने जाने वाले जामदा-भूतिया गांव की सीमा पर बसा चमत्कारिक सिद्धेश्वर महादेव शिवालय आज आस्था, प्रकृति और जनसहयोग का अनूठा उदाहरण बन चुका है। घने जंगलों और ऊंची पहाड़ियों के बीच स्थित यह शिवालय न सिर्फ श्रद्धालुओं का, बल्कि जंगलों में रहने वाले वनवासी समुदाय का भी प्रमुख धार्मिक केंद्र है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह शिवालय पांडवकालीन है। मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा ने बताया कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां विश्राम कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की थी। वर्षों पहले यहां शिवलिंग एक पहाड़ के नीचे छोटे से मंदिर में प्रतिष्ठित था। दुर्गम रास्ता, पथरीली जमीन और घना जंगल–इन सबके बावजूद श्रद्धा कभी कम नहीं हुई। स्थानीय और क्षेत्रीय ग्रामीणों ने मिलकर शिवालय के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया। मंदिर के पूर्व पुजारी 108 रामलाल महाराज की अहम भूमिका रही , परिणामस्वरूप आज यहां भव्य मंदिर, सुव्यवस्थित परिसर और हजारों फलदार-फूलदार वृक्षों की हरियाली नजर आती है। मंदिर परिसर में लगाए गए वृक्षों को आज भी कुओं के पानी से सींचा जाता है। मंदिर में भगवान भोले के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### रब ने बनाई जोड़ी... 3.8 फीट की रेणुका को मिला 4.2 फीट के प्रदीप का साथ

**सिरोंज।** कहते हैं जोड़ियां ऊपरवाला ही बनाकर भेजता है। यह बात शहर में सच साबित होती दिखाई दी। शहर के नयापुरा में रहने वाली 29 वर्षीय रेणुका नामदेव का कद केवल 3.8 फीट है। उन्होंने बीए किया है। परिजन उनके विवाह को लेकर चिंतित थे। रिश्ते तो आ रहे थे लेकिन रेणुका की हाइट के अनुसार नहीं थे। तमाम स्थानों पर तलाश करने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर कोशिशें शुरू की। 6 महीने पर उनकी तलाश पर विराम लगा। उन्हें महाराष्ट्र के पुणे में आईसीआईसीआई के सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर प्रतीक धानुका का बायोडाटा मिला। 29 वर्षीय प्रदीप की हाइट भी 4.2 फीट है और उनके



परिजन भी उनकी हाइट के मुताबिक और शिक्षित युवती की तलाश कर रहे थे। बातचीत शुरू हुई तो पता चला कि सिरोंज में ही प्रदीप के दूर के रिश्तेदार रहते हैं। वे हैं शहर के सराफा व्यवपारी अनुज अग्रवाल। अनुज ने बताया कि मैं दोनों ही परिवारों को करीब से जानता हूं। दोनों के लिए इससे अच्छा संबंध हो ही नहीं सकता। शुक्रवार को जब शहर के माधव गार्डन में दोनों ही परिणय सूत्र में बंध गए। अनेक लोग परिजन बोले बच्चों ने अपनी प्रतिभा के आगे हाइट को आड़े नहीं आने दिया रेणुका के पिता राजकुमार नामदेव टेलर हैं और उनके भाई राहुल पॉलीटेक्निक कॉलेज में काम करते हैं। वे बताते हैं कि रेणुका ने अपनी पढ़ाई से कभी भी समझौता नहीं किया। वहीं प्रतीक के पिता मोहन धानुक अकोला में बैंक सेवक रह चुके हैं। उनके बेटे ने भी अच्छी पढ़ाई कर बैंक की नौकरी हासिल की।

### कटनी में आदिवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**कटनी।** जिले के बरही तहसील कार्यालय में काफी संख्या में आदिवासियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। बैगा विकास संगठन के तत्वावधान में बरही, बड़वारा और पड़ोसी जिले उमरिया से आए आदिवासियों ने तहसील कार्यालय का घेराव किया। इस विरोध प्रदर्शन में पुरुषों से अधिक महिलाओं की भागीदारी रही, जिन्होंने नारों के साथ अपनी आवाज बुलंद की और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में भूमिहीन आदिवासियों को सरकारी जमीन का आवंटन और आवास योजना का लाभ दिलाना शामिल है।

### 12 वाहनों पर कार्रवाई कर आठ किए जब्त, 52 हजार रुपए वसूला जुर्माना




**गंजबासौदा।** कलेक्टर के निर्देश पर अवैध वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत जिला परिवहन विभाग ने नटेरन और अशोकनगर रोड पर सघन जांच कार्रवाई की। जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में 12 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 4 वाहनों से कुल 58,000 का शमन शुल्क वसूला गया, जबकि शेष 8 वाहनों को प्रकरण निराकरण तक के लिए जब्त कर पुलिस थाना नटेरन एवं करारिया परिसर में सुरक्षित रखा गया है। जब्त वाहनों में नटेरन स्थित सांदीपनी स्कूल में संचालित एक बस सहित कुल 2 स्कूल बसें शामिल हैं। विभाग को इन जब्त वाहनों से लगभग 2 लाख राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। जांच अभियान के दौरान विशेष रूप से स्कूली वाहनों और ओवरलोड चल रहे डंपरों की सघन जांच की गई। जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा का कहना है कि नियम विरुद्ध संचालन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

**शहर के वार्ड 24 का मामला: बिल्डर सीवेज लाइन का दूषित पानी मिलाकर कर रहा था सप्लाई**

# वेदांता कॉलोनी में 5 दिन से पानी सप्लाई बंद महिलाओं ने गेट पर जमकर किया हंगामा



**अजय आहूजा। मंडीदीप**

औद्योगिक शहर के कवर्ड कैंपस वेदांता कॉलोनी के रहवासियों का उस समय गुस्सा फूट पड़ा, जब कॉलोनी में पांच दिन पानी से पानी नहीं मिलने से त्राहि-त्राहि के हालात बन गए। नगर पालिका के वार्ड 24 में स्थित इस निजी कॉलोनी में पिछले पांच दिनों से बिल्डर ने पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद कर रखी है। इससे पहले बिल्डर द्वारा कॉलोनी में पेयजल और सीवेज की लाइन को एक साथ डालकर पानी सप्लाई किया जा रहा था, जिससे रहवासियों को प्रदूषित और गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा था। अब तो वह भी बंद कर दिया गया है।

गत दिवस करीब 10 बजे कॉलोनी की महिलाओं ने कॉलोनी गेट पर नगर पालिका (नपा) और बिल्डर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने नारेबाजी की और आरोप लगाया कि बिल्डर की लापरवाही से उनके परिवार पानी के बिना तड़प रहे हैं। बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन घर में एक बूंद पानी नहीं है। पानी की किल्लत के कारण उन्हें बाहर से इंतजाम करना पड़ रहा है।

हालांकि महिलाओं के प्रदर्शन की जानकारी लगते तत्काल नपा के पेयजल प्रभारी मौके पर पहुंचे और तुरंत कार्रवाई करते हुए कॉलोनी में पानी के टैंकर भेजने की व्यवस्था की। साथ ही बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए मंडीदीप पुलिस थाने को लिखित पत्र भेजा है।

#### पहले दूषित पानी दिया अब सप्लाई रोक दी

रहवासी यशवंती वर्मा ने बताया कि बिल्डर ने कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी की है। पहले तो दूषित पानी दिया, अब पूरी सप्लाई रोक दी। यह मामला न केवल पानी की कमी का है, बल्कि स्वास्थ्य जोखिम और बिल्डर की मनमानी का भी है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मांग है कि बिल्डर पर सख्त कार्रवाई हो और कॉलोनी में स्थायी रूप से स्वच्छ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

#### नपा ने एफआईआर के लिए लिखा है पत्र

नपा पेयजल प्रभारी अभिषेक बाथम ने बताया कि कॉलोनी में बिल्डर द्वारा रहवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, पांच दिन से पानी की सप्लाई बंद है। नपा ने टैंकर भेजने के साथ बिल्डर के खिलाफ एफआईआर के लिए पत्र लिखा है।

## अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन सख्त, 9 ओवरलोड डंपर जब्त



**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

जिला कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के सख्त निर्देशों पर अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। ग्रीन पार्क ढाबा नर्मदापुरम के पास से रेत का ओवरलोड परिवहन करते हुए 9 डंपर जब्त कर लिए गए। सभी वाहनों को सुरक्षित रखने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम परिसर में खड़ा किया गया है। कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जय सोलंकी, जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, थाना प्रभारी देहात सौरभ पाण्डे, प्रभार खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, सिपाही हेमंत राज व होमगार्ड बल शामिल रहे। जब्त वाहनों पर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण निवारण) नियम 2022 के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

बेहलोट रोड पर हुए हत्याकांड का शहर पुलिस ने महज दो दिन में खुलासा कर दिया। त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, छुरी और डंडा बरामद किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी ने तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश देते हुए विशेष टीमों का गठन किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई।



11 फरवरी को राधाकृष्णपुरम कॉलोनी निवासी हर्ष शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने साथी गौरव यादव के साथ प्रकाश मैरिज गार्डन से लौट रहे थे। इसी दौरान बेहलोट रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास आरोपियों ने गाली-गलौज कर विवाद किया और चाकू से हमला कर दिया। हमले में गौरव यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। गठित टीम ने राघवेंद्र, रमन, राशिद सहित एक विधि विरुद्ध बालक अभिरक्षा को अभिरक्षा में लिया हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया। इस पूरे मामले में निरीक्षक संजय बेदिया सहित शहर एवं देहात थानों की संयुक्त टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से शहर में फैली दहशत पर विराम लगा है और कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश गया है कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**42 लाख के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमि पूजन**

## ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है : विजयपाल सिंह

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह राजपूत ने माखन नगर विकासखंड के ग्राम मढ़ावन एवं पवारखेड़ा खुर्द में कुल 42 लाख रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का मुख्य अतिथि के रूप में विधिवत भूमि पूजन किया। मढ़ावन में 19 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक मंगल भवन एवं 4 लाख रुपये से माता मंदिर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमि पूजन संपन्न हुआ, जबकि पवारखेड़ा खुर्द की एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में 19 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक मंगल भवन निर्माण का शुभारंभ विधायक सिंह की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम के दौरान विधायक विजयपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इन सामुदायिक मंगल भवनों से गांवों में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी, वहीं माता मंदिर में



अतिरिक्त कक्ष से श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। उन्होंने ग्रामीणों को प्रदेश सरकार के निरंतर विकास प्रयासों से अवगत कराया।

दोनों स्थानों पर कक्षा 1 से 5 तक के नन्हें विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता छा गई। विधायक राजपूत ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया, तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सावित्री बाई परनामे, मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, सरपंच लता राजेंद्र गोस्वामी एवं प्रेम बाई दायमा, भाजपा महामंत्री कुंवर सिंह यादव, जनपद उपाध्यक्ष लालचंद यादव सहित अन्य सरपंच, पार्टी कार्यकर्ता, अधिकारी, ग्रामवासी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने विकास कार्यों के लिये विधायक श्री राजपूत का आभार व्यक्त किया।

### युवक ने ब्लैकमेल कर किया बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

शहर के मंडीदीप थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। 18 वर्षीय युवक ने अपनी स्कूल की दोस्त को ब्लैकमेल कर घर बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता द्वारा पुलिस को दी जानकारी के अनुसार आरोपी उसका स्कूल का पुराना दोस्त था। आरोपी ने फोन पर कहा कि उसके पास पीड़िता के कुछ फोटो और वीडियो हैं, अगर वह उसके घर नहीं आई तो उन्हें वायरल कर देगा। डर के मारे पीड़िता आरोपी के घर पहुंची। आरोपी ने उसे ऊपरी कमरे में ले जाकर बलात्कार किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने पहले भी उसके साथ छेड़खानी की थी और इस घटना के दौरान वह उस पर धर्म परिवर्तन का भी दबाव बना रहा था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। जहा उन्होंने आरोपी को घर में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी जुनेद पुत्र सरीफ खान, निवासी वार्ड नंबर 04, स्टेशन रोड के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

**मेट्रो एंकर** | **रूद्राक्ष महोत्सव में गुरुकुल की सहभागिता**

## सदैव समाजहित और सनातन मूल्यों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा: डॉ. मालवीय

**सीहोर/भोपाल। दोपहर मेट्रो**

रुद्राक्ष महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संस्कार का जीवंत उत्सव है। कुबेरेश्वर धाम में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की निस्वार्थ सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य और आध्यात्मिक साधना है। गुरुकुल परिवार सदैव समाजहित और सनातन मूल्यों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। यह वक्तव्य गुरुकुल के राज्य प्रमुख डॉ. राजकुमार मालवीय ने दिया।

उनके मार्गदर्शन में गुरुकुल परिवार 14 से 20 फरवरी तक कुबेरेश्वर धाम में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव 2026 में व्यापक सेवा सहयोग प्रदान करेगा। सात दिवसीय इस महोत्सव में गुरुकुल के विभिन्न आनुषांगिक संगठनों के साथ लगभग 400 स्वयंसेवक तैनात रहेंगे। इस अनुष्ठान में गुरुकुल के सहयोगी संगठन डॉक्टर सावित्री पाठक सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान समिति, आर्यावर्त सनातन संस्कृति संस्थान, मां हिंगलाज सेवा समिति, नर्मदापुरम युवा मंडल, गुरुकुल सेवा समिति,



कर्मभूमि लोककल्याण समिति और कर्मयोगी संस्था– सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। गुरुकुल परिवार के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में यह सेवा कार्य संचालित होगा, जिनमें प्रमुख रूप से परेश पाठक (संस्थापक, गुरुकुल), अखिलेश खंडेलवाल (अध्यक्ष, गुरुकुल परिवार), डॉ. राजकुमार मालवीय (राज्य प्रमुख), अतुल शर्मा (मार्गदर्शक), संजय मांझी (रायसेन), एसएन तोमर (इछावर), अभिषेक तोमर (सीहोर), तरुण सिंह कुशवाहा (भोपाल) और राहुल कनाडा (विदिशा) शामिल हैं।

#### श्रद्धालुओं को सुरक्षित मार्गदर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम, सीहोर, रायसेन और विदिशा जिलों से आए स्वयंसेवक सीहोर रेलवे स्टेशन से लेकर धाम परिसर तक श्रद्धालुओं को सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। दुर्गा माता चौराहा, तहसील चौराहा, लूनिया चौराहा सहित प्रमुख स्थानों और पार्किंगस्थलों पर विशेष व्यवस्था की जाएगी। सेवा कार्य प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित होगा।

# टाइगर रिजर्व में 20 फरवरी से शुरू होगी शीतकालीन गिद्धों की गणना



**तेन्दूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

टाइगर रिजर्व में बीते वर्षों की तरह इस बार भी शीतकालीन गिद्ध गणना कार्य 20 फरवरी से 22 फरवरी तक तीन दिन की गिद्ध गणना की जानी है। यह गणना संपूर्ण मध्यप्रदेश में एक साथ की जा रही है। इस गणना के लिए टाइगर रिजर्व को नोडल बनाया गया है। इसी तारतम्य में गिद्ध प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया है, इसमें मास्टर ट्रेनर के रुप में दिलशेर खान द्वारा टाइगर रिजर्व व दमोह वनमंडल के वन अमले व कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रक्षिक्षण दिया गया। यह गिद्ध गणना दमोह जिले के सभी रेंजों में भी की जाना है।

प्रशिक्षण के दौरान गिद्धों की पहचान, उनके घोंसलों की खोज आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विश्व स्तर पर पाई जाने वाली गिद्धों की विभिन्न



प्रजातियों, भारत में पाई जाने वाली प्रजातियों, उनकी अनुमानित वर्तमान संख्या व संरक्षण संबंधी उपायों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में वनमंडल अधिकारी स्तर से लेकर वनरक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर स्तर तक का अमला उपस्थित रहा। उपस्थित अमले ने सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो गिद्ध गणना के दौरान प्रजातियों की सही पहचान में सहायक सिद्ध होगा। आंकड़े वन विहार भोपाल द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश से एकत्रित कर उनका आंकलन किया जाएगा, जिससे प्रदेश में पाई जाने वाली गिद्धों की विभिन्न प्रजातियों की स्थिति संबंधी जानकारी प्राप्त होगी। टाइगर रिजर्व में सात प्रजाति के गिद्ध देखे गए हैं, इनमें चार स्थानीय प्रजातियां और तीन बाहरी प्रजातियां है स्थानीय प्रजातियों में सफेद गिद्ध, राज गिद्ध, चमर गिद्ध के अलावा इंडियन वल्चर स्थाई रूप से निवास करते हैं। ठंड के सीजन में हिमालयन, यूरेशियन और दूसरी प्रजातियों के गिद्ध भी आ जाते हैं। पिछली सालों की अपेक्षा इस साल गिद्धों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रबंधन का मानना है कि टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ने के साथ-साथ गिद्धों की संख्या बढ़ रही है।

## चार रेंजों में भी गिद्धों की संख्या बढ़ी

तेंदूखेड़ा उप वनमंडल के तेंदूखेड़ा झलौन तारादेही तेजगढ़ रेंजों में भी इन दिनों गिद्धों की संख्या बढ़ी हुई है। आए दिन जंगलों में हरे भरे पेड़ों और खेतों सहित मृत मवेशियों के शव को खाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जहां एक समय इन क्षेत्रों में गिद्ध दिखना बहुत बड़ी बात थी, लेकिन अब चारों रेंजों के क्षेत्र सीमा में गिद्धों को देखा जा सकता है। साथ ही तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र की खकरिया बीट और नरगुवा बीट में आए दिन गिद्धों को देखा जा सकता है। यहां विदेशी गिद्धों की संख्या देखने को मिल सकती है। क्योंकि यहां पर जंगल हरा भरा होने के साथ ही पानी के जलस्त्रोत हैं। वहीं झलौन क्षेत्र में सड़क किनारे मृत मवेशियों को खाते हुए देखा जा सकता है। तारादेही क्षेत्र में खेतों और छोटे छोटे खेतों और सड़क किनारे बने जलस्रोत में वो अपना शिकार करने के लिए बैठे रहते हैं। तेजगढ़ क्षेत्र की सांगा पांजी बीट में भी गिद्धों को देखा जा सकता है। टाइगर रिजर्व के डीएफओ रजनीश कुमार के अनुसार हमारे यहां गिद्धों की कुल 9 में से 7 प्रजातियां देखने मिलती हैं। इसमें 4 स्थाई प्रजातियों के गिद्ध हैं तो बाकी 3 माइझोट होकर शीतकाल में यहां आते हैं। माइग्रेट गिद्धों में हिमालय के आसपास के अलावा अफगानिस्तान, भूटान, तुर्किस्तान और तिब्बत से भी गिद्ध टाइगर रिजर्व आते हैं 20 फरवरी से शुरू हो रही गिद्ध गणना में संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

## न्यूज विंडो

### पिपलेश्वर महादेव मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** पुलिस थाना प्रांगण में स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में माता गौरी, भगवान कार्तिकेय एवं भगवान गणेश की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। यह धार्मिक आयोजन पुलिस थाना प्रांगण स्थित मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का विधिवत संचालन वृंदावन धाम, समनापुर से पधारे पंडित प्रेम नारायण शास्त्री द्वारा किया गया। वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार हवन, पूजन-अर्चन एवं मंत्रोच्चार के बीच मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति रस की धारा प्रवाहित होती रही। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बस स्टैंड स्थित सरदार हरविंदर खुराना के निवास से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर विराजमान देवी-देवताओं की मूर्तियों को बैंड-बाजों एवं भक्तिमय नारों के साथ नगर भ्रमण कराते हुए मंदिर तक लाया गया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मंदिर पहुंचने के पश्चात विशेष पूजन-अर्चन के उपरांत भगवान शंकर के गर्भगृह में मूर्तियों की विधिवत स्थापना की गई। आयोजन के दौरान क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंदिर समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि महोत्सव व शाही बारात शोभायात्रा निकलेगी कल



**तेंदूखेड़ा।** नगर के प्राचीन एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र तेंदूखेड़ा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर रविवार को दोपहर 03 बजे से भव्य शाही बारात शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर तेंदूखेड़ा से प्रारंभ होकर बड़ी खेर माता गौरैया मंदिर, तेंदूखेड़ा तक पहुंचेगी। शाही बारात में भगवान शिव की आकर्षक झांकी, सजे-धजे रथ, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों की गूंज और शिव भक्तों की उत्साहपूर्ण सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु पुष्पवर्षा कर भगवान भोलेनाथ का स्वागत करेंगे। सायं कालीन कार्यक्रम के अंतर्गत रात्रि 08 बजे से मंदिर प्रांगण में महाआरती, प्रसाद वितरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन मंडलियों द्वारा शिव भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो उठेगा। महोत्सव का आयोजन श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति एवं समस्त शिव भक्त नगर तेंदूखेड़ा के सहयोग से किया जा रहा है।

### सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम, सर्चिंग जारी

# शावक की मौत के बाद दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में फैली दहशत

**विशाल रजक। तेंदूखेड़ा**

धार जिले की कुक्षी तहसील के ग्राम टांडा क्षेत्र में पुन तेंदुआ नजर आया है। क्षेत्र के गुजर रहे ग्रामीणों को तेंदुए की गुर्राहट सुनाई दी थी। कुछ देर बाद तेंदुआ सड़क क्रॉस करते हुए भी नजर आया। यह वहीं इलाका है जहां पर एक दिन पहले सड़क किनारे तेंदुआ मृत नजर आया था। सूचना मिलते ही वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची व जंगल क्षेत्र में रात दो बजे तक सर्चिंग की, किंतु तेंदुआ नजर नहीं आया है। इधर क्षेत्र में बढती तेंदुए की सक्रियता को देखते हुए प्रतिदिन वन विभाग की दो टीमें लगातार रात्रि गश्त करेगी। ताकि वन्य जीवों के साथ कोई दूसरी घटना नहीं हो।

जानकारी के अनुसार टांडा क्षेत्र में अनाज मंडी के पास राहगीरों ने एक तेंदुए को सड़क पार करते देखा। तेंदुए की मौजूदगी से इलाके में दहशत का माहौल है, जिसे देखते हुए वन विभाग ने सर्चिंग टीम तैनात कर दी है। ग्रामीणों ने जब उन्होंने टॉर्च जलाकर देखा तो सड़क पर एक तेंदुआ विचरण कर रहा था। राहगीरों ने तुरंत उसका वीडियो बनाया और वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार कल रात में नजर आया तेदुआ मादा तेंदुआ हैं, शावक की मौत के बाद वह अपने बच्चे की तलाश में दोबारा इसी स्थान पर पहुंची होगी। रेंज अधिकारी एचएस कनूजे ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को अनाज



मंडी के आसपास सर्चिंग के लिए भेज दिया गया है। विभाग अब रोजाना इलाके में गश्त करेगा। अधिकारियों के मुताबिक यह रास्ता जंगल से सटा हुआ है और तेंदुए अक्सर सड़क पार कर एक से दूसरे जंगल की ओर जाते हैं। रात के समय वाहनों की तेज रफ्तार के कारण जंगली जानवरों की जान को हमेशा खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग वन्यजीवों की सुरक्षा और सड़क हादसों को रोकने के लिए यहां संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए और ठोस कदम उठाए।

दरअसल सरदारपुर-टांडा मार्ग पर बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि के समय सड़क किनारे मृत अवस्था में तेंदुआ मिला था, क्षेत्र से गुजर रहे ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी। वन अमला मौके पर पहुंचा व पूरे मामले की जांच में जुट गया है। वन विभाग गुरुवार दोपहर के समय तेंदुए के शव का पीएम करवाएगा। ताकि मौत का कारण स्पष्ट हो सके। वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही हैं, इसी आधार पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# नगर से लापता हुए दोनों बच्चे पुलिस की सक्रियता से मिले

**सिवनी मालवा। दोपहर मेट्रो**

नगर के दो बच्चे घर से बिना बताये लापता होने की सूचना नगर में आग की तरह फैल गई। अचानक लापता हुए बच्चों के परिजन, पुलिस और मोहल्ले के लोग उनकी तलाश में लग गए, जिनको इन नाबालिक बच्चों को जहां मिलने की जानकारी मिली, वहां उनको तलाश किया गया। दोनों ही बच्चे नाबालिक हैं जिसमें एक बालक की उम्र लगभग 14 वर्ष है तो दूसरे की लगभग 10 वर्ष की उम्र बताई जा रही है। जैसे ही इस बात की सूचना सिवनी मालवा थाना



प्रभारी सुधाकर बारस्कार को पता लगी तो उन्होंने तुरंत ही अपने दल बल के साथ बच्चों की तलाश शुरू कर दी। बच्चों के परिजनों से संपर्क कर उनके आसपास के रिश्तेदारों की जानकारी एकत्रित की। इसके अलावा उन्होंने संभावित सीसीटीवी कैमरा की मदद से सिवनी मालवा के बस स्टैंड और बच्चों के परिजनों के घरों के आसपास के फुटेज देखे जब इनमें कहीं पता नहीं चला तो उसके बाद देर रात तक इटारसी जबलपुर के रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी और आफपीएफ पुलिस से संपर्क किया। जिसमें रेलवे स्टेशन जबलपुर पर यह बच्चे सुबह 4:30 बजे इनकी लोकेशन फुटेज सामने आई। फिर थाना प्रभारी ने तुरंत रेलवे पुलिस जबलपुर से संपर्क किया तब तक यह बच्चे बालाघाट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर दिखाई दिए, जहां पर रेलवे पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा में लिया। इस बात की जानकारी सिवनी मालवा पुलिस ने बच्चों के परिजनों को दी खबर लिखे जाने तक सिवनी मालवा पुलिस बालाघाट के रेलवे स्टेशन से बच्चों को लाने की प्रोसीजर की जा रही थी। इस पूरी घटना में सिवनी मालवा थाना प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा जब रात को यह घटना हुई तो अफवाहों का दौर भी गर्म था।

# परीक्षा केन्द्र पर प्रश्न-पत्र देर से पहुंचने पर कलेक्टर प्रतिनिधि को किया निलंबित

**सागर। दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर कलेक्टर प्रतिनिधि पटवारी प्रमोद यादव को निलंबित किया गया है। तहसील शाहगढ़ में पदस्थ पटवारी पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस थाना शाहगढ़ से बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र निकालने एवं परीक्षा केन्द्र शासकीय उमा विद्यालय, तारपोह, विकासखण्ड शाहगढ़ पर प्रश्न पत्रों के विलंब से पहुंचाए. अनुविभागीय अधिकारी बण्डा ने तत्काल प्रभाव से पटवारी को निलंबित कर दिया।

अनुविभागीय अधिकारी बण्डा कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार कलेक्टर प्रतिनिधि प्रमोद यादव द्वारा सुबह 7:40 बजे पर प्रश्न-पत्र पुलिस थाने से निकाले गये, एवं 13 फरवरी को भी कलेक्टर प्रतिनिधि पटवारी पुलिस थाना शाहगढ़ में 08:05 पर उपस्थित हुए। परीक्षा केन्द्र शाउमा विद्यालय तारपोह की दूरी पुलिस थाना शाहगढ़ से 15 कि0मी0 है, जिससे प्रश्न-पत्र समय पर परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने मे विलम्ब हुआ और परीक्षा प्रभावित हुई। ज्ञातव्य हो कि कलेक्टर प्रतिनिधि प्रमोद यादव पटवारी को पहले ही अवगत करा दिया गया था कि मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्र को पुलिस थाना से निकालने का समय प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है फिर भी पटवारी ने लापरवाही बरतते हुए प्रश्न पत्रों को विलंब से निकाला।

# एक-एक सांस के लिए संघर्ष कर रहा दो माह का अयांश

**सागर। दोपहर मेट्रो**

मालथौन विकासखण्ड के ग्राम पाती खेड़ा निवासी महज 2 माह के अयांश को जन्म से ही हृदय की गंभीर बीमारी. खुरई विधानसभा क्षेत्र गांव के मासूम के उपचार का बीड़ा अब पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने उठाया है. उनके प्रयासों से मुंबई के एसआरसीसी हास्पिटल में अयांश का इलाज आरंभ हो गया है। अयांश को ऑक्सीजन सपोर्ट के सहारे लेकर उसके माता-पिता बीना, सागर, भोपाल, नागपुर और रायपुर तक की अस्पतालों में भर्ती करा चुके थे लेकिन केस की जटिलता से उसका आपरेशन नहीं हो पा रहा था। ग्राम पाती खेड़ा निवासी सूरज सिंह राजपूत और तुलसा राजपूत ने रायपुर की अस्पताल से पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय में



संपर्क करके अपने इकलौते बेटे अयांश की जीवन मृत्यु के बीच झूलने की परिस्थिति बताई थी। सिंह ने अयांश के परिजनों से पूरी जानकारी ली और उन्हें तुरंत रायपुर से लौटकर सागर बुंदेलखंड मेडीकल कालेज में अयांश को लाने को कहा। बीएमसी में अयांश को भर्ती कराया गया। पूर्व मंत्री सिंह ने स्वयं एसआरसीसी हास्पिटल मुंबई में संपर्क करके चिकित्सकों से अयांश की मेडीकल हिस्ट्री को कंसल्ट किया। मुंबई के हास्पिटल ने आपरेशन से अयांश का उपचार करने पर सहमति जताई। कलेक्टर और सीएमएचओ से चर्चा कर सिर्फ एक दिन के भीतर अयांश का मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना में पंजीयन कराया और एयर एंबुलेंस से अयांश को मुंबई भेजना तय किया। लेकिन ग्रामीण पृष्ठभूमि के परिजनों ने एयर एंबुलेंस से मुंबई जाने से इंकार करते हुए सड़क मार्ग से जाने पर जोर दिया तब प्रशासन ने 108 एंबुलेंस सेवा से आक्सीजन और टेक्निकल सपोर्ट के साथ सड़क मार्ग से अयांश और उनके परिजनों को मुंबई रवाना किया। 12 फरवरी की रात एंबुलेंस ने दो माह के अयांश को एसआरसीसी हास्पिटल मुंबई में दाखिल कराया जहां डाक्टरों ने अयांश के परीक्षणों के साथ आपरेशन और उपचार की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## मेट्रो एंकर

### धार महिला पुलिस की पहल: काउंसलिंग के बाद अच्छे व्यवहार का वचन दिया

# समझाइश के बाद साथ विदा हुए पति-पत्नी



**धार। दोपहर मेट्रो**

रिश्तों में आई कड़वाहट को यदि सूझबूझ से संभाला जाए तो उजड़ते हुए घर फिर से बस सकते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है धार के महिला पुलिस थाने ने जहां पुलिस की काउंसलिंग के बाद दो अलग हो चुके जोड़े अपने गिले-शिकवे भुलाकर फिर से एक साथ रहने को राजी हो गए।

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन एवं एएसपी विजय डावर, एएसपी उत्तर पारुल बेलापुरकर के मार्गदर्शन एवं डीएसपी आनंद तिवारी के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक क्लेर डामोर द्वारा पारिवारिक विवादों को सुलझाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मामूली विवादों के कारण टूटने की कगार पर पहुंचे रिश्तों को कानूनी दांव-पेंच के बजाय आपसी सहमति से बचाना है। आवेदिका रेखा (नाम परिवर्तित) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन साल पहले हुए विवाह के बाद से ही उसका पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करता था। पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर लंबी चर्चा की। पति को शराब के दुष्प्रभावों और परिवार के प्रति उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराया गया। अंततः पति ने अपनी गलती मानी और पत्नी से माफी मांगते हुए भविष्य में अच्छे व्यवहार का वचन दिया।

### प्रताड़ना का हुआ अंत

दूसरे मामले में आवेदिका रीना (नाम परिवर्तित) का विवाह दो वर्ष पूर्व हुआ था। उसका आरोप था कि पति, सास और ससुर छोटी-छोटी बातों पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। महिला थाना प्रभारी के निर्देश पर सउनि रामसिंह गौर और प्रधान आरक्षक रतनसिंह कटारे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को थाने बुलाया। काउंसलिंग के दौरान ससुराल पक्ष को पारिवारिक शांति और रिश्तों के महत्व के बारे में समझाया गया, जिसके बाद सभी ने मिल-जुलकर रहने का निर्णय लिया।

### टीम की रही भूमिका

इस सफल काउंसलिंग और सुलह कराने में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक क्लेर डामोर, सउनि रामसिंह गौर, प्रधान आरक्षक रतन कटारे, प्रधान आरक्षक सुरसिंह रावत, आरक्षक राकेश देवल एवं महिला सैनिक पूजा कटारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# छिंदवाड़ा में शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंचा, किया निलंबित

**छिंदवाड़ा। दोपहर मेट्रो**

जिले के हर्रई विकासखंड अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला राधादेवी में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक को शराब पीकर स्कूल पहुंचने के आरोप में निलंबित किया गया है। कार्रवाई जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सतेंद्र सिंह मरकाम ने की है। ग्रामीणों और पालकों की ओर से शिकायत मिली थी कि शिक्षक राजेंद्र खोब्रागड़े अक्सर शराब के नशे में शाला पहुंचते थे। आरोप है कि वे बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई नहीं कराते थे, जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर प्रभावित हो रहा था।



# कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन भीख मांग कर जुटाई मजदूरी



**डिंडौरी। दोपहर मेट्रो**

जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा मजदूरों को पिछले कई महीने से मजदूरी न मिलने के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शहर की सड़कों पर हाथ में कटोरा लेकर भीख मांगी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के दुकानदारों और आम लोगों के सामने झोली फैलाकर भीख मांगी। इस दौरान उन्होंने कुल 5,390 रुपए इकट्ठा किए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष का कहना है कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का त्योहार है, लेकिन मजदूरों के पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद मोदी सरकार के पास पैसा खत्म हो गया है, इसलिए यह भीख की राशि सरकारी खाते में जमा करने के लिए दी गई है।

टी20 विश्व कप के छह सबसे लंबे छक्के

# हार्दिक-दुबे की शीर्ष-पांच में एंट्री, पहले स्थान पर हैं युवी




**नई दिल्ली।** टी20 विश्वकप 2026 में गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ हार्दिक पांडया ने 109 मीटर और शिवम दुबे ने 107 मीटर का छक्का लगाया, जो उन्हें टी20 विश्वकप इतिहास के सबसे लंबे छक्के लगाने वालों की लिस्ट में शीर्ष पांच में ले गया। हार्दिक और दुबे ने एक ही ओवर में ऐसा किया। नामीबिया के खिलाफ भारतीय पारी के दौरान 15वें ओवर में बर्नार्ड स्कोल्ज की गेंद पर दोनों ने ऐसा किया। ओवर की पहली गेंद पर दुबे ने मिड विकेट पर 107 मीटर का छक्का लगाया। इसके बाद ओवर की तीसरी गेंद पर हार्दिक ने 109 मीटर का छक्का लगाया।

### युवराज के नाम सबसे लंबा छक्का

टी20 विश्वकप के इतिहास में सबसे लंबा छक्का लगाने का रिकॉर्ड आज भी युवराज सिंह के नाम दर्ज है। उन्होंने 2007 में टी20 विश्वकप के पहले संस्करण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 119 मीटर लंबा छक्का जड़ा था। इतने वर्षों बाद भी तकनीक, फिटनेस और बैट में बदलाव आए, लेकिन यह आंकड़ा अब तक कोई पार नहीं कर पाया है। दूसरे स्थान पर 112 मीटर के छक्के के साथ इंग्लैंड के लियम लिविंगस्टोन और तीसरे स्थान पर 111 मीटर के छक्के के साथ वेस्टइंडीज के पूर्व स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल हैं। लिविंगस्टोन ने 2021 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ और रसेल ने 2021 विश्वकप में ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐसा किया था।

### लिस्ट में इफ्तिखार-फिल सॉल्ट भी

इसके बाद 109 मीटर के छक्के के साथ हार्दिक और यूएई के जुनैद सिद्दिकी संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। वहीं, 107 मीटर के छक्के के साथ वेस्टइंडीज के रोवमन पॉवेल और दुबे संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। वहीं, 106 मीटर के छक्के के साथ पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद, वेस्टइंडीज के ओडियन स्मिथ और इंग्लैंड के फिल सॉल्ट संयुक्त रूप से छठे स्थान पर हैं।

### टी20 विश्वकप इतिहास में सबसे लंबे छक्के (ओवरऑल)

| खिलाड़ी | दूरी | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| युवराज सिंह | 119 मीटर | ऑस्ट्रेलिया | 2007 |
| लियम लिविंगस्टोन | 112 मीटर | दक्षिण अफ्रीका | 2021 |
| आंद्रे रसेल | 111 मीटर | ऑस्ट्रेलिया | 2021 |
| जुनैद सिद्दीकी | 109 मीटर | श्रीलंका | 2022 |
| हार्दिक पांड्या | 109 मीटर | नामीबिया | 2026 |
| रोवमन पॉवेल | 107 मीटर | युगांडा | 2024 |
| शिवम दुबे | 107 मीटर | नामीबिया | 2026 |
| इफ्तिखार अहमद | 106 मीटर | दक्षिण अफ्रीका | 2022 |
| ओडियन स्मिथ | 106 मीटर | आयरलैंड | 2022 |
| फिल सॉल्ट | 106 मीटर | ऑस्ट्रेलिया | 2024 |

हाईवोल्टेज मुकाबला कल: भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के प्रदर्शन को देखकर हैरान क्रिकेट एक्सपर्ट्स

# मुकाबले से पहले खौफ में है पूरा पाकिस्तान कल बल्ले-गेंद दोनों से आग उगलेंगे पंड्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 15 फरवरी को होने वाले भारत-पाकिस्तान महामुकाबले से पहले सरहद पार खलबली मची हुई है। पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी और क्रिकेट एक्सपर्ट्स भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के प्रदर्शन को देखकर हैरान हैं। नामीबिया के खिलाफ पंड्या ने जिस तरह से मुश्किल पिच पर बल्लेबाजी की, उसने पाकिस्तानी खेमे की टेंशन बढ़ा दी है। इसके अलावा हार्दिक पंड्या ने इस मैच में गेंद से भी कमाल दिखाया और प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शोएब मलिक भारतीय टीम की रणनीति की तारीफ करते नजर आए। मलिक ने कहा, नामीबिया के खिलाफ पिच 6 ओवर के बाद धीमी हो गई थी और स्पिनर्स को मदद मिल रही थी। टीम इंडिया ने खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढाला और स्ट्राइक रोटेट की। हमारे ऑलराउंडर्स को भी भारतीय खिलाड़ियों से यह सीखना होगा कि पारी कैसे बुनी जाती है।

**हार्दिक जैसा पूरी दुनिया में कोई नहीं–** मलिक की बात के बीच पैनल में बैठे एक अन्य विशेषज्ञ ने हार्दिक पंड्या की तुलना किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी से करने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, हार्दिक पंड्या एक मुकम्मल (प्रॉपर) ऑलराउंडर हैं। बल्लेबाजी के वक्त वह मुकम्मल बल्लेबाज और गेंदबाजी के वक्त मुख्य गेंदबाज लगते हैं। पाकिस्तान ही नहीं, पूरी दुनिया में उनके जैसा कोई ऑलराउंडर नहीं है। यह बयान साबित करता है कि पाकिस्तान में पंड्या का किस कदर खौफ है।

### शोएब मलिक ने दी पाकिस्तानी ऑलराउंडर्स को नसीहत



### नामीबिया के खिलाफ तांडव और पाकिस्तान की चिंता

हार्दिक पंड्या ने 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ महज 28 गेंदों में 52 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उन्होंने दिखाया कि जब मिडिल ऑर्डर संघर्ष कर रहा हो, तब खेल को कैसे बदला जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच में हार्दिक गेंद और बल्ले, दोनों से एक्स-फैक्टर साबित होने वाले हैं। हार्दिक ने पहले भी ऐसा करके दिखाया है।

#### जीत के डबल डोज के बाद भी टीम इंडिया के लिए चिंताएं

भारतीय टीम ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार दो मैच जीतकर सुपर-8 स्टेज के लिए मजबूती से कदम बढ़ाए हैं। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारतीय टीम ने अपने पहले ग्रुप मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका को 29 रनों से हराया। फिर उसने नामीबिया पर 93 रनों से धमाकेदार जीत हासिल की। भारतीय टीम लगातार दो जीत के साथ ग्रुप-ए की अंकतालिका में पहले नंबर पर पहुंच गई है। अब भारतीय टीम अपने तीसरे मुकाबले में रविवारको पाकिस्तान का सामना करेगी। भारतीय टीम की विनिंग स्ट्रीक बरकरार है, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले कुछ कमजोरियां साफ दिखाई देने लगी हैं। टीम की लोअर मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजी सबसे ज्यादा चिंता का विषय है। नामीबिया के खिलाफ मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 209/9 का स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने सिर्फ 24 गेंदों पर 61 रन ठोकते हुए टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। पावरप्ले में भारतीय बल्लेबाजों ने विपक्षी गेंदबाजों पर पूरी तरह दबाव बनाए रखा और तेजी से रन बटोरे। इसके बाद हार्दिक पांड्या ने 52 रनों की विस्फोटक पारी खेली। लेकिन आखिरी कुछ ओवरों में टीम की रफ्तार अचानक धीमी पड़ गई। शिवम दुबे (23 रन), रिंकू सिंह (1 रन) और अक्षर पटेल (0 रन) उम्मीदों के मुताबिक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। नतीजा ये हुआ कि भारत ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाया।

पूर्व पाकिस्तानी गेंदबाज पर फूटा हरभजन का गुस्सा

## खुलेआम दी धमकी, कहा- तेरी धज्जियां उड़ा दूंगा

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट रिश्ते हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। पूरी दुनिया की नजरें इन दोनों टीमों के मुकाबले पर होती हैं। इस बार मामला ऑन-फील्ड नहीं बल्कि ऑफ-फील्ड का है। दरअसल, पूर्व पाकिस्तानी गेंदबाज तनवीर अहमद की एक नापाक हरकत ने उन्हें भारतीय दिग्गज हरभजन सिंह के निशाने पर आने के लिए मजबूर कर दिया है। टीम इंडिया के पूर्व स्टार स्पिनर हरभजन सिंह ने तनवीर अहमद के बयान पर जमकर नाराजगी जाहिर की है। दरअसल, यूएई में अंतरराष्ट्रीय लीग टी20 (ढ्ढरुञ्20) के दौरान हरभजन बतौर ब्रॉडकास्टर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। मैच में पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिसके बाद हरभजन ने नियम के मुताबिक उनका इंटरव्यू किया। लेकिन तनवीर अहमद ने इस पर विवाद खड़ा करते हुए टिप्पणी कर दी कि हरभजन जहां भी पाकिस्तानी खिलाड़ी दिखते हैं, उनके आसपास घूमते रहते हैं। बस फिर क्या था, भज्जी का पारा चढ़ गया। अपने यूट्यूब चैनल पर हरभजन ने तनवीर को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ये वीडियो एक तुच्छ इंसान के लिए है। पहले ये बताओ कि ये है कौन? 3-4 मैच खेले हैं पाकिस्तान के लिए और खुद को इमरान खान या वसीम अकरम समझने लगे हो। शर्म आनी चाहिए। हरभजन सिंह का साफ संदेश था कि क्रिकेट के मैदान पर और उसके बाहर सम्मान सबसे जरूरी है। उन्होंने तनवीर अहमद को नसीहत दी कि पहले खुद को देखें और बकवास बंद करें। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर भारत-पाक क्रिकेट बहस को गरमा दिया है, लेकिन हरभजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह अपने काम को पेशेवर तरीके से करते हैं और किसी की भी बेबुनियाद टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, तो तनवीर अहमद, खुद को देखो और बकवास बंद करो। जहां तक मेरा सवाल है, बस चले जाओ। अगली बार ऐसा हुआ तो, तेरी धज्जियां उड़ा दूंगा। तो दफा हो जाओ।

जिम्बाब्वे की जीत से रोचक हुई सुपर-8 की जंग

## एक और हार फेर देगी ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी

**कोलंबो।** टी20 विश्व कप 2026 में ग्रुप-बी की तस्वीर अब पहले से कहीं ज्यादा रोमांचक हो गई है। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। इस जीत के साथ न सिर्फ जिम्बाब्वे ने इतिहास दोहराया, बल्कि सुपर-8 की दौड़ को भी बेहद पेचीदा बना दिया है। ग्रुप-बी की अंक तालिका पर नजर डालें तो श्रीलंका दो मैचों में दो जीत के साथ चार अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है। मेजबान टीम ने अपने दोनों मुकाबलों में संतुलित प्रदर्शन किया है और उसका नेट रन रेट भी मजबूत है। दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने भी दो मैचों में दो जीत दर्ज कर चार अंक हासिल कर लिए हैं। हालांकि नेट रन रेट के आधार पर वह दूसरे स्थान पर है, लेकिन मनोवैज्ञानिक बढ़त उसके पास है क्योंकि उसने मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया है। ऑस्ट्रेलिया की स्थिति अब नाजुक हो चुकी है। दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ उसके खाते में दो अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है। अगर टीम को सुपर-8 में जगह बनानी है तो अब उसे अपने बचे हुए सभी मुकाबले जीतने होंगे। खासकर श्रीलंका के खिलाफ होने वाला अगला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा होगा। उस मुकाबले में हार ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पूरी तरह पानी फेर सकती है।

#### जटिल हुआ समीकरण

ग्रुप-बी में आयरलैंड और ओमान अब तक अपना खाता नहीं खोल सके हैं और क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। हालांकि, गणितीय रूप से वे अभी भी दौड़ में बने हुए हैं, लेकिन उन्हें बाकी सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे और साथ ही अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए राह आसान नहीं है। उसे न सिर्फ अपने सभी मैच जीतने होंगे, बल्कि बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी ताकि नेट रन रेट बेहतर हो सके। साथ ही उसे यह भी उम्मीद करनी होगी कि श्रीलंका या जिम्बाब्वे में से कोई एक टीम कम से कम एक मुकाबला हार जाए। अगर दोनों टीमें लगातार जीत दर्ज करती रहीं, तो ऑस्ट्रेलिया के लिए सुपर-8 का रास्ता लगभग बंद हो जाएगा।

सुमित नागल चेन्नई ओपन से बाहर

## पूनाचा और इसारो की शीर्ष वरीय युगल जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली।** पूर्व चैंपियन सुमित नागल चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर के दूसरे दौर में रूस के पेट्र बार बिरयुकोव से हारकर बाहर हो गए। भारत के नंबर एक खिलाड़ी नागल को विश्व रैंकिंग में 305 नंबर पर काबिज बिरयुकोव से दो घंटे छह मिनट तक चले मुकाबले में 6-4 6-7 3-6 हार मिली।

दिन के सबसे लंबा मैच चौथे वरीय इलिया सिमाकिन और ऑस्ट्रेलिया के फिलिप सेकुलिच के बीच हुआ जो करीब तीन घंटे तक चला। इसमें सिमाकिन ने सेकुलिच को 4-6, 7-5, 7-6 (1) से हराया। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए सिमाकिन का सामना बिरयुकोव से होगा। इससे पहले भारतीय क्वालीफायर सिद्धार्थ रावत (715 रैंकिंग) ने मार्क्स कासनिकोवस्की (419) को 6-2, 6-3 से हराया।

युगल मुकाबलों में शीर्ष वरीय निकी पूनाचा और प्रयुच्या इसारो ने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले लोहिथाक्शा बथ्रीनाथ और अभिनव संजीव शानमुगम को 6-4, 6-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

धुरंधर देखने को बेताब पाकिस्तानी

# बाजार में सरेआम बिक रही मूवी



आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी एक्शन फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सिनेमाघरों बाद ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर भी दुनिया भर में ट्रेंड कर रही है। हालांकि, फिल्म को लेकर एक हैरान करने वाली खबर पड़ोसी देश पाकिस्तान से आ रही है। जहां आधिकारिक तौर पर बैन होने के बावजूद वहां के ब्लैक मार्केट में छाई हुई है। अब इसे धुरंधर का क्रेज कहे या भारतीय सिनेमा के लिए दीवानगी लेकिन आलम यह है कि कराची जैसे शहरों में लोग पायरेसी के जरिए इस फिल्म को बेहद मामूली कीमतों पर खरीदकर देख रहे हैं। इसी से जुड़ा एक वीडियो न्यूज़ीलैंड के एक यूट्यूबर और ब्लॉगर कार्ल रॉक ने शेयर किया है, जो अपने ट्रैवल व्लॉग और अपनी किताब हाउ टू ट्रैवल इन इंडिया के लिए जाने जाते हैं। ट्रैवल ब्लॉगर और यूट्यूबर कार्ल रॉक ने अपने एक व्लॉग में पाकिस्तान के अंडरग्राउंड पायरेसी नेटवर्क का पर्दाफाश किया। कार्ल कराची के सदर बाजार स्थित रेनबो सेंटर पहुंचे। यह बाजार पाकिस्तान में पायरेटेड फिल्मों और गेमिंग का सबसे बड़ा अड्डा माना जाता है। वहां कार्ल ने देखा कि धुरंधर का पोस्टर एक कंम्प्यूटर के डेक्सटॉप पर लगा हुआ था। जब उन्होंने दुकानदार से इसके बारे में पूछा, तो दुकानदार ने बताया कि यह भारत की सबसे नई और हिट फिल्म है। व्लॉग के दौरान एक दिलचस्प मोड़ तब आया जब कार्ल ने फिल्म की कीमत पूछी। दुकानदार ने बताया कि अगर आप इसे पेनड्राइव में लेते हैं, तो यह पाकिस्तानी 50 रुपये (यानी भारत में लगभग 16 रुपये) में मिल जाएगी, जबकि डीवीडी पर इसकी कीमत करीब 300 रुपये है।

#### धुरंधर ने शाहरुख-रजनीकांत की फिल्मों को छोड़ा पीछे

रिपोर्ट्स के मुताबिक, धुरंधर पाकिस्तान में अब तक की सबसे ज्यादा पायरेटेड फिल्म बन गई है। दिसंबर में रिलीज होने के बाद सिर्फ दो हफ्तों के भीतर इसे पाकिस्तान में कम से कम 20 लाख (2 मिलियन) बार गैर-कानूनी तरीके से डाउनलोड किया गया। इस मामले में धुरंधर ने रजनीकांत की 2.0 और शाहरुख खान की रईस जैसी बड़ी फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है। पाकिस्तान के अलावा मिडिल ईस्ट के भी कुछ हिस्सों में इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाया गया था, जिसकी वजह से मेकर्स को भारी नुकसान झेलना पड़ा है।

प्यार और बदले की आग में तपती ओ रोमियो

## शाहिद के अभिनय ने जीता दर्शकों का दिल

फिल्म ओ रोमियो इन दिनों सिनेमाघरों में दर्शकों का ध्यान खींच रही है। प्यार और बदले की भावना से बुनी यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म की कहानी में प्यार, दर्द, गुस्सा, जज्बात और इंसानी रिश्तों की कई परतें दिखाई गई हैं। निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने कहानी और किरदारों को सोच-समझकर पेश किया है। फिल्म में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी, नाना पाटेकर और फरीदा जलाल मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी स्पेशल अपीयरेंस में हैं। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है, जिन्होंने कहानी को संतुलित रखा है। छोटे-छोटे सीन, कैमरे की पकड़ और भावनाओं की गहराई यह दिखाती है कि हर सीन पर बारीकी से काम किया गया है। फिल्म के एक्शन सीन बेहद दमदार हैं। शाहिद कपूर और अविनाश तिवारी के एक्शन सीन दर्शकों को बांधे रखते हैं। वहीं तृप्ति डिमरी भी एक्शन में चौंकाती हैं। फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरती है। फिल्म का हर कलाकार अपने किरदार में पूरी तरह फिट बैठता है। शाहिद कपूर का किरदार उस्तारा उनके करियर के बेहतरीन रोल्स में से




एक माना जा रहा है। उनका अभिनय बेहद प्रभावशाली है। तृप्ति डिमरी का रोल अफशां अपनी मासूमियत और बदले की आग, दोनों को बखूबी दिखाती हैं। अविनाश तिवारी ने जलाल के रूप में दर्शकों को चौंका दिया है। उनका लुक, सिर पर बना टैटू और सख्त अंदाज किरदार को डरावना बनाता है। उनका अभिनय इतना अलग है कि कई जगह पहचानना मुश्किल हो जाता है। शाहिद और तृप्ति की जोड़ी नई होते हुए भी स्वाभाविक लगती है।



## सोने की कीमत में गिरावट का असर, FCA में वृद्धि के बावजूद घट गया विदेशी मुद्रा भंडार

मेट्रो बाजार



**मुंबई।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में तगड़ी गिरावट हुई है। दरअसल, पिछले सप्ताह सोने के भंडार में $14.208 billion की भारी कमी देखी गई। इस वजह से एफसीए भंडार में $7.661 billion की बढ़ोतरी के बावजूद अपने विदेशी मुद्रा भंडार में $6.711 billion की गिरावट देखने को मिली है। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 06 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में $6.711 billion की गिरावट दर्ज की गई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें $14.361 billion का इजाफा हुआ था। अब अपना भंडार घट कर $717.064 billion का रह गया है। इससे पहले 30 जनवरी 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार $723.774 billion के रिकार्ड उच्चतम स्तर पर था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में वृद्धि हुई है। 06 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने Foreign Currency Assets में $7.661 billion की वृद्धि हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 493 million की कमी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर $570.053 billion का हो गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

## नई सीपीआई सीरीज में महंगाई दर 4 प्रतिशत से नीचे रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की नई सीरीज में भी महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे रहने की उम्मीद है। यह नई सीरीज भारत में लोगों के बदलते खर्च के तरीके को बेहतर ढंग से दिखाएगी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार नीति बनाने में मदद करेगी। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। बीओबी की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्य महंगाई (कोर इंफ्लेशन) पर नजर रखना जरूरी है, क्योंकि सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की कीमतों में बढ़ोतरी का खतरा बना रहता है। हालांकि, नई सीरीज में अलग-अलग चीजों का संतुलित महत्व (वेटेज) रखा गया है, जिससे महंगाई 4+/-2 प्रतिशत के दायरे में रहने की उम्मीद है। बैंक ने कहा कि नई सीरीज से महंगाई का मुख्य आंकड़ा ज्यादा सही और आधुनिक होगा, जो मौद्रिक नीति (ब्याज दर जैसे फैसले) के लिए महत्वपूर्ण है। नई सीरीज में खाने-पीने की चीजों के मौसमी उतार-चढ़ाव को बेहतर तरीके से शामिल किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे चलकर सरकार के आपूर्ति से जुड़े कदम खाद्य महंगाई को नियंत्रित रखने में मदद करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के जरूरी वस्तु सूचकांक (ईसीआई) के अनुसार, फरवरी 2026 के पहले 11 दिनों में जरूरी चीजों की कीमतों में सालाना आधार पर 0.4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। केवल कुछ खाद्य तेल और दालों को छोड़कर बाकी खाद्य पदार्थों की कीमतें अभी नियंत्रण में हैं।नई सीरीज में पहले की तुलना में खाद्य महंगाई में बदलाव देखा गया है। पुरानी सीरीज में पिछले सात महीनों से खाद्य महंगाई घट रही थी, लेकिन नई सीरीज में इसमें हल्की बढ़ोतरी दिखी है।




## अर्जेंटीना: लेबर अधिकारों पर रोक को लेकर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में लेबर कानूनों में बदलाव के विरोध को लेकर हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। इसके चलते पुलिस और प्रदर्शनकारियों में बीच हिंसक झड़पें हुईं। सिक्योरिटी फोर्स ने वॉटर कैनन, रबर बुलेट और आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जबकि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पत्थर और पानी की बोतलें फेंकी और कई जगह आग लगा दी।

### पुलवामा हमले की बरसी पर प्रधानमंत्री की बलिदानों को श्रद्धांजलि

# देश के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद रहेगा: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर बलिदान हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने जवानों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और समर्पण हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के पुलवामा हमले में बलिदान हुए CRPF जवानों को श्रद्धांजलि दी और उनकी बहादुरी, समर्पण और देश के प्रति सेवा को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने लिखा, '2019 में आज के दिन पुलवामा में अपनी जान देने वाले बहादुर नायकों को याद करते हुए। देश के प्रति उनकी भक्ति, संकल्प और सेवा हमेशा हमारे सामूहिक मन में अंकित रहेगी। हर भारतीय को उनकी हिम्मत से ताकत मिलती है।'

### राहुल गांधी ने बलिदानी वीर जवानों को किया याद

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस और वीरता को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पुलवामा में 2019 के दुस्साहसी आतंकी हमले में शहीद हुए हमारे वीर जवानों को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि भारत माता की रक्षा में उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

**उपराष्ट्रपति ने भी बलिदानी जवानों को किया याद:** दूसरी ओर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पुलवामा हमले में बलिदान हुए जवानों का सर्वोच्च बलिदान हमेशा राष्ट्र की स्मृति में अंकित रहेगा और हमें एक मजबूत व सुरक्षित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## न्यूज विंडो

### स्कॉर्पियो डिवाइडर तोड़ फुटपाथ पर चढ़ी, बुजुर्ग की कुचलकर मौत




**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 76 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने स्कॉर्पियो कार के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। घटना एनएच-24 की सर्विस रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास की है।पुलिस के अनुसार, सुबह करीब छह बजे सड़क दुर्घटना की सूचना थाना गाजीपुर को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर काले रंग की स्कॉर्पियो कार दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में फुटपाथ पर खड़ी मिली। वहीं, एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर हालत में फुटपाथ पर पड़े मिले, जिन्हें अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान पैक करमाई (76 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल के निवासी थे और वर्तमान में गाजीपुर गांव में रह रहे थे। वह गाजीपुर फूल मंडी में कार्यरत थे और घटना के समय अपने दो सहकर्मियों के साथ काम पर जा रहे थे।

### तेलंगाना की फैक्ट्री में रिएक्टर में धमाके के बाद लगी भीषण आग




**हैदराबाद।** तेलंगाना के यादाद्री भुवनगिरी जिले के डोटीगुडेम में एक कंपनी में रिएक्टर में धमाके के बाद भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल की 10 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। अधिकारियों के मुताबिक, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और धमाके का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। फायर अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए कम से कम 10 फायर इंजन मौके पर भेजे गए। इमरजेंसी टीमों के आग बुझाने के दौरान फैक्ट्री से धुएं का घना गुबार उठता देखा गया। धमाके के तुरंत बाद आस-पास के वर्कर्स और लोगों को निकाल लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि यादाद्री भुवनगिरी जिले के चौटुप्पल थाना अंतर्गत डोटीगुडेम में एक फैक्ट्री में रेडिएटर ब्लास्ट के बाद बड़ा धमाका हुआ। मौके पर फायर ब्रिगेड की दस गाड़ियां भेजी गईं और आग पर काबू पा लिया गया।

### पूर्व विधायक गोपाल रविदास समेत पांच नामजद, 60 अज्ञात पर केस

**फुलवारीशरीफ(पटना)।** फुलवारी शरीफ में 11वीं की 16 वर्षीय कोचिंग छात्रा की टॉप फ्लोर से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। घटना के दूसरे दिन आक्रोशित लोगों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एम्स गोलंबर के पास सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कई जगह टायर जलाकर विरोध जताया। एम्स रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे करीब पांच घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। हालात को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।जाम और हंगामे के मामले में पुलिस ने भाकपा माले के पूर्व विधायक गोपाल रविदास समेत पांच लोगों को नामजद किया है। इसके अलावा करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डाली गई और कानून-व्यवस्था प्रभावित हुई। प्रशासन का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है। मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपितों की पहचान की जा रही है। छात्रा की मौत के बाद परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि दरिंदगी के बाद उनकी बेटी को छत से नीचे फेंककर हत्या की गई।

### खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का मामला

# भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा, न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। ANI की रिपोर्ट के मुताबिक निखिल ने अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। FBI के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया।




US अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर-फॉर-हायर, मर्डर-फॉर-हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है।

**निखिल को यूरोपीय देश चेक रिपब्लिक से गिरफ्तार किया:** पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था। अमेरिकी न्याय विभाग ने दावा किया है कि भारतीय सरकार के एक कर्मचारी ने निखिल गुप्ता को पन्नू की हत्या के लिए एक हिटमैन की व्यवस्था करने को कहा था। यह आरोप मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट में दाखिल इंडिक्टमेंट में लगाया गया था। उस कर्मचारी को आरोपपत्र में CC-1 कहा गया है।

### चार्जशीट की पूरी टाइमलाइन...

**मई 2023:** अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर के मुताबिक एक भारतीय अधिकारी (विकास यादव) ने निखिल गुप्ता को हायर किया।

**29 मई:** निखिल गुप्ता ने किसी ऐसे शख्स की तलाश शुरू की जो पन्नू को मार सके। हालांकि, जिसे पन्नू को मारने के लिए हायर किया गया वो अमेरिका का अंडर कवर एजेंट निकला। कुछ हफ्तों तक निखिल गुप्ता ने इस अंडर कवर एजेंट से पन्नू को मारने के तरीके और कीमत पर चर्चा की।

**9 जून:** गुप्ता ने पन्नू को मारने के लिए हायर किए गए हिटमैन को एक शख्स के जरिए 15 हजार डॉलर (12 लाख 49 हजार रुपए) का कैश भिजवाया। ये हत्या के लिए एडवांस पेमेंट था। पूरी डील 1 लाख डॉलर (84 लाख रुपए) में हुई थी।

**11 जून:** भारतीय अधिकारी ने गुप्ता को कहा कि पन्नू को अभी नहीं मरवा सकते हैं। दरअसल, जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर गए थे। गुप्ता ने भी फोन पर कहा था कि 10 दिनों तक कुछ नहीं किया जा सकता है, नहीं तो प्रदर्शन शुरू हुए जाएंगे।

**18 जून:** कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई।

**19 जून:** गुप्ता निज्जर की हत्या का वीडियो अमेरिका में पन्नू की हत्या के लिए हायर किए हिटमैन को भेजा और कहा कि ये अच्छी खबर है, अब इंतजार करने की जरूरत नहीं है।

**24 जून से 29 जून:** गुप्ता ने पन्नू का मारने का प्लान आगे बढ़वाया। पन्नू की निगरानी शुरू हुई।

**30 जून:** गुप्ता को चेक रिपब्लिक में अमेरिका के कहने पर हिरासत में ले लिया गया।

### मथुरा में भाजपा नेता पर हथियारों से लैस बदमाशों ने किया हमला



**मथुरा।** थाना बरसाना के नंदगांव में भाजपा नेता दान बिहारी चौधरी पर देर रात गोली चला कर जानलेवा किया गया। बीजेपी नेता पर सारे आम हुई फायरिंग और तोड़फोड़ से इलाके में हड़कंप मच गया। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू करते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और सभी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी है। भाजपा नेता दान बिहार चौधरी उर्फ दानो मथुरा के बरसाना से नगर पंचायत नंदगांव से अध्यक्ष पद के लिए नगर पंचायत का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक हमलावरों ने दिवाका थोक स्थित उनके घर में घुसकर उनके साथ न सिर्फ मारपीट की, बल्कि फायरिंग भी की। घटना में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दानबिहारी चौधरी ने बताया कि हमलावर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ियों से लैस थे। उन्होंने घर में मौजूद महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा और जमकर उत्पात मचाया। नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी जा रही है।

### बीएनपी छात्रों ने कई विवि के कैंपस पर किया कब्जा, दूसरे दलों के समर्थकों को निकाला

**ढाका।** बांग्लादेश में संसदीय चुनावों के बाद फिर से हिंसा और बवाल शुरू हो गया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की भारी जीत के बाद राजनीतिक हिंसा और छात्र राजनीति में तनाव बढ़ गया है। बीएनपी की छात्र इकाई जतियोताबादी छात्र दलों ने कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के कैंपस और हॉस्टलों पर कब्जा कर लिया है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार छात्र दल के कार्यकर्ताओं ने दूसरे राजनीतिक दलों, खासकर जमात-ए-इस्लामी और अन्य छोटे संगठनों के समर्थित छात्रों को हॉस्टलों से जबरन बाहर निकाल दिया है।



बांग्लादेश की ढाका यूनिवर्सिटी, राजशाही यूनिवर्सिटी और जहांगीरनगर यूनिवर्सिटी जैसे प्रमुख संस्थानों में यह घटनाएं सामने आई हैं। बीएनपी छात्र दल के सदस्यों ने हॉस्टल रूमों पर तालाबंदी कर दूसरे दलों के समर्थक छात्रों के सामान बाहर फेंक दिए। विरोध करने वालों पर हमले भी किए जाने की खबरें हैं। कई छात्रों ने आरोप लगाया कि यह कब्जा चुनावी जीत के बाद सत्ता के नए संतुलन को कैंपस पर थोपने की कोशिश है। एक छात्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 'हमारे हॉस्टल से रातों-रात निकाल दिया गया।

### ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल होने वाली राफेल की SCALP और रूसी एस-400 मिसाइलें खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** रक्षा अधिग्रहण परिषद ने राफेल जेट के लिए लंबी दूरी की SCALP मिसाइलों और रूस में बने एस-400 एरियल शील्ड सिस्टम के लिए और मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दे दी है।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने एक सरकारी सोर्स के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि डीएसी से 114 राफेल जेट खरीदने की मंजूरी मिलने के एक दिन बाद डिफेंस सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह पहली बार होगा जब फ्रेंच फाइटर जेट फ्रांस के बाहर बनाए जाएंगे और भारत को उनकी डिलीवरी 2028 से शुरू होगी। इसकी शुरुआत नेवल वेरिएंट और फिर IAF वेरिएंट से होगी।



गहराई तक हमला करने के लिए डिजाइन की गई 250 किमी. की रेंज वाली SCALP एयर-लॉन्च मिसाइलों का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आंतकी हेडक्वार्टर को तबाह करने के लिए किया गया था। वहीं, एस-400 सिस्टम ने पिछले साल मई में पाकिस्तान की क्रूज मिसाइलों वाले हवाई हमलों को नाकाम किया था।

मिसाइलें टर्मिनल फेज में इनर्शियल नेविगेशन, GPS, टेरेन-रेफरेंस नेविगेशन और एक इंफ्रारेड इमेजिंग सीकर के कॉम्बिनेशन से लैस हैं। इन मिसाइलों ने पाकिस्तान के आतंकी और मिलिट्री बेस पर एकदम सही हमला किया था।

रक्षा सचिव ने बताया, 'यह 114 राफेल जेट के लिए एक गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट डील होगी, कोई बिचौलिया नहीं होगा, प्रोजेक्ट में पूरी ट्रांसपेरेंसी होगी और एयरक्राफ्ट में भारतीय हथियारों और भारतीय सिस्टम को इंटीग्रेट करने का पूरा अधिकार होगा।' 36 राफेल जेट और 26 मरीन राफेल के लिए पहले की डील में फ्रेंच सरकार ने भारत को एयरक्राफ्ट के रडार और वेपन सिस्टम के लिए जरूरी सोर्स कोड नहीं दिया था, जिससे भारत की देसी मिसाइलों को इंडिपेंडेंटली इंटीग्रेट करने की क्षमता सीमित हो गई थी।

### मेट्रो एंकर

### बेगूसराय के एक्सपो में भैंसे ने लूटी महफिल, रईसी देख लोग हो रहे दंग

# नाम 'विधायक', कीमत है 15 करोड़ होने का दावा!

**बेगूसराय, एजेंसी**

ऐसा भैंसा जिसका नाम सुनकर इसे देखने के लिए लोगो की भीड़ लग जाती है. दावा है कि इसकी कीमत 15 करोड़ है। नाम है विधायक। दरअसल, बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो बेगूसराय में कई दिनों तक आयोजित रहा। इस दौरान एक खास मेहमान ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हरियाणा से आया चर्चित 'विधायक' भैंसा मेले का सबसे बड़ा आकर्षण बन गया है। 15 करोड़ रुपए की कमाई की चर्चा ने पूरे परिसर में उत्सुकता बढ़ा दी है। दूर-दूर से लोग सिर्फ इस भैंसे को देखने और उसके साथ फोटो खिंचवाने पहुंच रहे हैं।



मेले में पहुंचे अमन कुमार गौतम ने बताया कि उन्होंने सुना था कि यह भैंसा 15 करोड़ रुपए का है। इसलिए वे इसे देखने आए हैं। हालांकि भैंसे के मालिक ने इस लड़के को बातचीत में इसकी कीमत का खुलासा नहीं किया। लेकिन बताया कि इसके सीमेन बेचकर करोड़ों की कमाई की गई है।

### बेहतरीन ब्रीड और खासियत

'विधायक' भैंसे के निजी डॉ .अनिल सिंह ने बताया कि फिलहाल उसे हल्का बुखार है। इसलिए विशेष देखभाल की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह बेहतरीन मुर्रा ब्रीड का भैंसा है। इसकी मां रोज 24 लीटर से ज्यादा दूध देती थी, जो इसकी जेनेटिक क्वालिटी को दर्शाता है। मजबूत कद-काठी, चमकदार काला शरीर और शानदार बनावट इसे अलग पहचान देते हैं। मेले में जहां भी यह भैंसा खड़ा होता है। वहां लोगों की भीड़ लग जाती है। कोई इसकी कीमत जानना चाहता है तो कोई इसकी नस्ल के बारे में पूछ रहा है। कुल मिलाकर 'विधायक' भैंसा इस बार के कृषि मेले का सबसे चर्चित चेहरा बन चुका है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564